आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 169 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, व भोपाल, रायपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, सोमवार, 23 जून, 2025

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय के अस्थायी परिसर एवं आई-हब रायपुर का किया वर्चुअली उद्घाटन, केंद्रीय गृह मंत्री ने नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने और छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल होने की की अपील

# वर्षा ऋतु में भी चलेगा नक्सल विरोधी अभियान : शाह

**संवाददाता ● रायपुर**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नवा रायपुर स्थित राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के अस्थायी परिसर तथा आई-हब रायपुर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के लिए क्रिमिनल जस्टिस सिस्म को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक दिन है। एनएफएसयू के अस्थायी परिसर के साथ-साथ नवा रायपुर में स्थायी परिसर के लिए भूमि पूजन एवं केंद्रीय फॉरेंसिक साइंस लैब की स्थापना की भी शुरुआत की गई है। कुल 268 करोड़ रुपये की लागत से ये संस्थान विकसित किए जा रहे हैं। अस्थायी परिसर में सत्र 2025-26 से बीएससी, एमएससी फॉरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी, मनोविज्ञान, डिजिटल फॉरेंसिक एवं प्रोफेशनल डिप्लोमा कोर्सेस प्रारंभ हो जाएंगे। लगभग 180 छात्र पहले बैच में प्रवेश लेंगे।




केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इन संस्थानों के निर्माण से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत को आधुनिक न्याय प्रणाली और अपराध जांच में सशक्त आधार मिलेगा। नई फॉरेंसिक टेक्नोलॉजी, जैसे डीएनए फिंगरप्रिंटिंग, एलएसडी साइंस, साइबर सिक्योरिटी, बायोटेक्नोलॉजी और डिजिटल फॉरेंसिक अब स्थानीय स्तर पर सुलभ होंगी, जिससे जाँच प्रक्रिया तेज और सटीक होगी। उन्होंने बताया कि अब फॉरेंसिक जांच के लिए राजधानी या दिल्ली की आवश्यकता नहीं होगी, सारी जांच अटल नगर, नवा रायपुर में ही संभव होगी।

आई-हब की स्थापना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म छत्तीसगढ़ के युवाओं को स्टार्टअप कल्चर से जोड़ने, तकनीकी सहायता देने, फंडिंग मुहैया कराने और मार्केटिंग एवं अनुबंध जैसी प्रोफेशनल सेवाएं देने में सहायक होगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे खुद उद्योगपति बनें, स्टार्टअप शुरू करें और राज्य के औद्योगिक विकास में भागीदार बनें। यह आई-हब, गुजरात के मॉडल पर आधारित है, और भविष्य में रायपुर से भी कई वैश्विक स्टार्टअप उभरने की संभावना है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद 5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर एमओयू हुए हैं, जिससे रोजगार, राजस्व और औद्योगिक संस्कृति को बल मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों ने नक्सल विरोधी अभियान को निर्णायक गति दी है। पहली बार ऐसा हुआ है कि वर्षा ऋतु में भी सुरक्षा बल सक्रिय हैं और नक्सलियों को चैन से रहने नहीं दे रहे। उन्होंने नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने और छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल होने की अपील की।

### एनएफएसयू का स्थायी परिसर तीन वर्षों में पूर्ण रूप से विकसित होगा

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि एनएफएसयू का स्थायी परिसर तीन वर्षों में पूर्ण रुप से विकसित होगा, जिससे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए फॉरेंसिक क्षेत्र में करियर की असीम संभावनाएं खुलेंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मोदी सरकार के तहत एनएफएसयू से स्नातक करना रोजगार की गारंटी बनेगा। साथ ही देशभर में लागू हुए नए तीन आपराधिक कानूनों के संदर्भ में शाह ने कहा कि इनका उद्देश्य है - तीन वर्षों के भीतर न्याय सुनिश्चित करना, और विज्ञान आधारित साक्ष्यों पर आधारित आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली की स्थापना करना। उन्होंने बताया कि अब 7 वर्ष से अधिक की सजा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य कर दी गई है। सभी पुलिस थानों को सीसीटीएनएस से जोड़ दिया गया है, जिससे राज्य सरकारें जांच और निगरानी की प्रक्रिया में तकनीकी रुप से दक्ष हो सकेंगी। यह बदलाव न केवल न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत करेगा, बल्कि भारत को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सजा सुनिश्चित करने वाले देशों की अग्रिम पंक्ति में ले आएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने बंजारी, नवा रायपुर में विश्वविद्यालय के लिए 40 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई है और ट्रांजिट कैंपस को समय पर तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस कैंपस में फॉरेंसिक साइंस, डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी सहित विभिन्न विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर और अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित होंगे। साइबर क्राइम, सड़क दुर्घटना विश्लेषण, मादक पदार्थों की जांच जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण से राज्य की कानून व्यवस्था को बल मिलेगा।



### स्टार्टअप और नवाचार की दुनिया से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा: साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में लगभग एक सदी बाद तीन नए आपराधिक कानून लागू किए गए हैं। एनएफएसयू जैसे संस्थान इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। छत्तीसगढ़ सरकार इन कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु पुलिस बल एवं जांच एजेंसियों को आवश्यक प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध करा रही है, जिसकी सतत निगरानी भी की जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने आई-हब छत्तीसगढ़ के शुभारंभ का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संस्थान राज्य के युवाओं को स्टार्टअप और नवाचार की दुनिया से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। इसमें को-वर्किंग स्पेस की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो नवाचार को प्रोत्साहित करेंगी।

### फॉरेंसिक अनुसंधान और इन्वेस्टिगेशन में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगा: उपमुख्यमंत्री शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि एनएफएसयू का रायपुर परिसर न केवल प्रशिक्षण बल्कि फॉरेंसिक अनुसंधान और इन्वेस्टिगेशन में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि यह संस्थान न केवल पढ़ाई, शोध, प्रशिक्षण और परामर्श का केंद्र बनेगा बल्कि भारत में ही फॉरेंसिक साइंस से जुड़े उपकरणों के नवाचार और निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा। यह सपना माननीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में साकार हो रहा है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने एनएफएसयू के लिए जमीन आवंटित की है और निर्माण कार्य भी शीघ्र आरंभ होने वाला है। उन्होंने कहा कि इस परिसर में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी, और यह फॉरेंसिक साइंस, डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी एवं विभिन्न शॉर्ट टर्म कोर्सेस में युवाओं को दक्ष बनाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिका सुरक्षा संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन में फॉरेंसिक प्रणाली की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ उन अग्रणी राज्यों में शामिल है जहाँ एनएफएसयू की स्थापना की जा रही है, जबकि उड़ीसा, बिहार, राजस्थान और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में अभी इसकी शुरुआत नहीं हुई है। यह राज्य के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 33 जिलों में मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट स्थापित करने के लिए राज्य सरकार को केंद्र से 24 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। हर जिले में मोबाइल वाहन, आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षित टीम होगी ताकि मौके पर ही घटनाओं की सटीक जांच संभव हो सके। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं अरुण साव, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, निदेशक आसूचना ब्यूरो तपन कुमार डेका, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, परिसर निदेशक एनएफएसयू गांधीनगर के प्रोफेसर डॉ एसओ जुनारे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

---

### ऑपरेशन 'मिडनाइट हैमर' : 125 फाइटर जेट... 14 बंकर-बस्टर बम

# अमेरिका ने 25 मिनट में तबाह किए ईरान के परमाणु ठिकाने

**एजेंसी ● वॉशिंगटन**

अमेरिका ने रविवार को तड़के सुबह ईरान के खिलाफ एक बेहद गुप्त और बड़ी सैन्य कार्रवाई की। इस ऑपरेशन का नाम ऑपरेशन 'मिडनाइट हैमर' रखा गया था। पेंटागन के मुताबिक, इस ऑपरेशन में अमेरिका के 125 से ज्यादा लड़ाकू विमान और मिसाइलें शामिल थीं। संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के प्रमुख जनरल डैन केन ने रविवार को बताया कि यह हमला ईरान के दो प्रमुख परमाणु केंद्रों- फोर्दो और नतांज- पर किया गया। इसके साथ ही इस्फहान शहर में भी मिसाइलें दागी गईं। जनरल डैन केन ने कहा, 'हमने ईरान के उन ठिकानों को निशाना बनाया जो सीधे उनके परमाणु कार्यक्रम से जुड़े थे। ऑपरेशन को इस तरह अंजाम दिया गया कि आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।'

125 से ज्यादा अमेरिकी विमान शामिल- इनमें बमवर्षक, फाइटर जेट, टैंकर (तेल भरने वाले विमान), और जासूसी विमान शामिल थे। इसमें बी-2 स्टील्थ बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल हुआ, जो मिसौरी से उड़कर आए थे। हर बमवर्षक ने 30,000 पाउंड वजन के खास बम गिराए, बंकर-बस्टर बम के तौर पर जाने जाते हैं। ये बम जमीन के भीतर छिपे ठिकानों को नष्ट करने में सक्षम हैं। ये हमला रात 6:40 बजे (पूर्वी समयानुसार) शुरू हुआ और सात बजे तक सभी विमान ईरानी हवाई क्षेत्र से निकल चुके थे। इस मिशन को 9/11 के बाद बी-2 बमवर्षकों की सबसे लंबी उड़ान बताया गया है।











### पश्चिम एशिया में शांति के लिए कार्रवाई जरुरी

रक्षा मंत्री पीट हगसेथ ने बताया कि यह कार्रवाई अमेरिका की सुरक्षा और पश्चिम एशिया में शांति बनाए रखने के लिए जरुरी थी। उन्होंने कहा, 'अगर ईरान शांति का रास्ता नहीं अपनाता, तो अमेरिका आगे भी सख्त कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।' इससे पहले, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस से एक बयान में कहा कि 'हमने ईरान के परमाणु ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। अगर ईरान ने सुधरने की कोशिश नहीं की, तो और हमले किए जाएंगे।' ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका युद्ध नहीं चाहता, लेकिन ईरान की ओर से खतरे को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा, 'पिछली रात, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों, फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर मध्य रात्रि में सटीक हमला किया, ताकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट या गंभीर रुप से कम किया जा सके। यह एक अविश्वसनीय और जबरदस्त सफलता थी। हमारे कमांडर इन चीफ से हमें जो आदेश मिला वह केंद्रित और शक्तिशाली था, और यह स्पष्ट था कि हमने ईरानी परमाणु कार्यक्रम को तबाह कर दिया था। यह ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन ने ईरानी सैनिकों या ईरानी लोगों को निशाना नहीं बनाया'।

### खुलासा- तीन परमाणु ठिकानों पर एक साथ हमला'

संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के प्रमुख जनरल डैन केन ने बताया कि यह हमला अमेरिकी सेंट्रल कमांड के जनरल एरिक कुरिल्ला के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा, 'यह मिशन अमेरिका की वैश्विक ताकत और सटीक हमले की क्षमता को दर्शाता है। पूरी योजना बेहद गोपनीय थी, गिने-चुने लोग ही इसके बारे में जानते थे।' उन्होंने कहा कि शुक्रवार आधी रात को अमेरिका की धरती से सात बी-2 स्पिरिट बॉम्बर्स ने उड़ान भरी। इनमें से कुछ विमान जानबूझकर पैसिफिक महासागर की ओर भेजे गए, ताकि ईरान को भ्रमित किया जा सके। असली स्ट्राइक टीम पूर्व की दिशा से चुपचाप ईरानी सीमा में घुसी।

### इस्लामिक देशों के संगठन ने ईरान पर हमले की निंदा की

इस्लामिक देशों के संगठन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कंट्रीज ने ईरान पर अमेरिकी हमले की निंदा की है। संगठन ने इसके लिए एक प्रस्ताव भी पारित किया। संगठन ने इसे बर्बर हमला करार देते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया गया।

### बमवर्षक के साथ मिसाइलों से भी हमला

ईरान पर हमले के लिए सिर्फ बमवर्षक ही नहीं, अमेरिका ने टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया। दर्जनों मिसाइलें ईरान के अलग-अलग ठिकानों पर दागी गईं। बता दें कि, टॉमहॉक मिसाइलें दूर से लॉन्च की जा सकती हैं और बेहद सटीक तरीके से निशाना बनाती हैं।

### 'हमारा सहयोगी इस्राइल भी इस योजना में शामिल था'

पीट हेगसेथ ने बताया कि इस ऑपरेशन की तैयारी में इस्राइल ने भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'इस हमले में दिशाभ्रम, धोखे की रणनीति और बहुत ही उच्च स्तरीय ऑपरेशनल सुरक्षा शामिल थी। हमारे बी2 बमवर्षक आए और गए, और दुनिया को भनक तक नहीं लगी।' उन्होंने आगे बताया कि इस ऑपरेशन में इतिहास में पहली बार एमओपी जैसे भारी बमों का इस्तेमाल किया गया। इन बमों का वजन करीब 30,000 पाउंड है, जो जमीन के नीचे बने बंकरों को भी तबाह कर सकते हैं।

---

## एस. जयशंकर बोले-भारत के साथ चलने से पड़ोसी देशों को फायदा

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि हर पड़ोसी को समझना चाहिए कि भारत के साथ मिलकर चलने से फायदा और दूरी बनाने से नुकसान है। हालांकि, पाकिस्तान एक अपवाद है, वहां की सेना की सोच भारत विरोधी है और वो ही वहां देश चलाती है।

डीडी इंडिया को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा कि भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों में हर बार सब कुछ आसान नहीं मिलेगा। हालांकि, भारत ने ऐसा माहौल बनाया है जिसमें सामूहिक हित को प्राथमिकता दी जाती है ताकि सरकारें बदलें, फिर भी रिश्ते मजबूत रहें।



चीन के बारे में उन्होंने कहा कि गलवान झड़प के बाद भारत ने बॉर्डर पर खड़े रहने की नीति अपनाई है। पहले बड़ी गलती थी कि हम सीमा पर ढांचा ही नहीं बना रहे थे। लेकिन अब भारत LAC पर अपने हितों की रक्षा कर सकता है।

जयशंकर ने ऑपरेशन सिंधु और यूक्रेन संकट के दौरान ऑपरेशन गंगा का जिक्र करते हुए भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका पर भी जोर दिया।

### आतंकियों को पनाह देने वाले 2 लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के दो महीने बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। NIA की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं।

पूछताछ में दोनों ने आतंकियों की पहचान बताई और यह भी पुष्टि की कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (LeT) से जुड़े हुए थे। NIA के मुताबिक, परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई थीं।

## ऑपरेशन सिंधु- ईरान से 290 और नागरिक भारत पहुंचे

### अब तक 1,117 भारतीय स्वदेश लौटे; प्लेन से उतरते ही वंदे मातरम के नारे लगाए



**एजेंसी ● नई दिल्ली**

ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक कुल 1,117 भारतीयों को निकाला गया है। मशहद से एक और प्लेन शनिवार की रात 11:30 बजे 290 नागरिकों को लेकर नई दिल्ली पहुंचा। इससे पहले शाम 4.30 बजे 310 नागरिकों को जत्था राजधानी पहुंचा था।

वहीं 20 जून को रात 2 बैच में 407 भारतीय लौटे थे। रात 10:30 बजे की फ्लाइट में 190 कश्मीरी छात्रों समेत 290 लोगों की वापसी हुई थी। इनमें दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से भी लोग थे। देर रात 3 बजे की फ्लाइट में 117 लोग थे। 19 जून को 110 छात्र आर्मेनिया और दोहा के रास्ते भारत पहुंचे थे। ईरान से दिल्ली पहुंचे इन यात्रियों ने एयरपोर्ट पर 'वन्दे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए थे। कुछ लोग भावुक भी हुए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। कुछ ने जमीन पर माथा टेका।

### दोनों मुख्य आरोपियों को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

# आज राजा जिंदा होता, यदि सोनम के पिता नहीं अड़ते तो...!

संवाददाता ● इंदौर

राजा रघुवंशी की हत्या नहीं होती यदि सोनम के पिता देवी सिंह शादी की जिद पर अड़े नहीं होते। दरअसल सोनम के बर्ताव की जांच करने इंदौर पहुंची मेघालय पुलिस को पता चला कि जब सोनम का राजा से रिश्ता तय हुआ तो उसने शादी से साफ इनकार कर दिया था। उसने अपनी मां से इस बारे में बात की थी, लेकिन उसके पिता ने कहा कि शादी होगी तो उनकी मर्जी से होगी। मेघालय पुलिस ने जब पड़ोसियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि शादी से पहले सोनम के घर से लड़ने-झगड़ने की आवाजें आती थीं। इस बारे में राजा के भाई सचिन रघुवंशी ने बताया कि हम शुरू से कह रहे हैं कि सोनम की मां को इसकी जानकारी होगी। अब हमें भी आसपास के लोगों से ही ये बात सुनने मिल रही हैं। बता दें कि ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी सोनम और राज कुशवाह को कोर्ट ने 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। दोनों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद पूर्वी खासी हिल्स के जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया गया था। असिस्टेंट पब्लिक प्रोसिक्यूटर तुषार चंदा ने कहा- सोनम और राज को पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद आज कोर्ट में पेश किया गया। उन्हें 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने उनको रिमांड पर लेने की मांग नहीं की थी।

**पूछताछ**

## सोनम के रवाना होने के बाद किसने हटाए सबूत



अब शिलांग पुलिस यह पता कर रही है कि इंदौर में सबूत किसने हटाए,क्योकि अभी भी पुलिस को सोनम के बैग, हत्या के बाद राजा के शरीर से निकाली गई चेन, अंगूठी नहीं मिल पाई है। इसके अलावा सोनम के दोनों फोन भी पुलिस अभी तक बरामत नहीं कर पाई है। अफसरों को आशंका है कि राज ने ही फ्लैट से सारे सबूत हटाए,क्योकि शिलांग पुलिस ने फ्लैट की तलाशी ली तो वहां कुछ नहीं मिला।

**गाइड के बयान के बाद सतर्क हो गई थी सोनम** : राजा की हत्या के बाद लंबे समय तक सोनम ने इंदौर में छुपने का प्लान बनाया था,लेकिन शिलांग के गाइड के बयान के बाद सोनम और राज सतर्क हो गई थे। गाइड ने कहा था कि उनसे राजा और सोनम के साथ तीन युवकों को देखा था।

## 7 जून को लग गई थी आरोपियों को भनक

इसके बाद 7 जून को राज ने सोनम को इंदौर से सिलीगुड़ी के लिए रवाना कर दिया ताकि सोनम सिलीगुड़ी में जाकर यह बोल सके कि उसका अपहरण हो गया, लेकिन इस प्लानिंग से पहले ही शिलांग पुलिस ने राज सहित चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। शिलांग में हुए राजा रघुवंशी हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सत्रह दिन में सुलझा ली, लेकिन आरोपियों को सोलहवें दिन ही पता चल गया था कि वे पकड़े जा सकते है। इसके चलते उन्हें सबूतों को हटाने के लिए पर्याप्त समय मिल गया और सोनम भी इंदौर से रवाना हो गई थी,जबकि सात जून को शिलांग पुलिस भी इंदौर आ चुकी थी।

### सोनम के तीसरे फोन से मिलेंगे कई सबूत

रिपोर्ट के मुताबिक एसपी विवेक सिम ने कहा, “हमने फोन बरामद नहीं किए हैं. उसके पास तीन फोन थे और उनमें से दो को उसने नष्ट करके फेंक दिया और हमारी टीम अभी भी तीसरे फोन की तलाश कर रही है. सोनम ने हत्या के बाद इंदौर से गाजीपुर तक यात्रा के दौरान कई संदिग्ध काम किए थे। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सोनम ने किन लोगों से बात की थी। क्या इस यात्रा में कोई और भी शामिल था? ड्राइवर पीयूष ने सोनम को इंदौर के देवास नाका स्थित एक किराए के फ्लैट से गाजीपुर तक पहुंचाया था। सोनम हत्या के बाद इसी फ्लैट में छिपी थी।

### ऑटो चालक से भी होगी पूछताछ

उधर अपराध शाखा के साथ छानबीन में जुटे एसीपी एसएस सांभा और एसआइ करण को शनिवार सुबह अहम सुराग हाथ लगा। दोनों अफसर काले रंग का बैग तलाश रहे है। उसमें एक पिस्टल और 5 लाख रुपये कैश है। पुलिस ने कार शोरूम से सीसीटीवी फुटेज से जाना की बैग ऑटो रिक्शा से आया था। पुलिस ने चालक सुनील उछावने से पूछताछ की। उसने बताया आरोपितों ने रेपिडो से आनलाइन रिक्सा बुक किया था। वह नंदबाग पहुंचा और बैग ले लिया। लंबे बाल वाले युवक ने बैग रखा और कहा कि लोकेशन पर भिजवा दो।

## शॉट न्यूज

### प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ इंदौर निगम की कार्रवाई

**इंदौर**। नगर निगम की टीम ने अमानक और प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ कार्रवाई की है। टीम ने दो अलग-अलग स्थानों से भारी मात्रा में पॉलिथीन जब्त की और दोनों पर कुल मिलाकर 1 लाख 35 हजार रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। दरअसल, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर शहर को स्वच्छ, हरित और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए अमानक और प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग, भंडारण और बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जोन क्रमांक 12 के अंतर्गत न्यू लोहा मंडी क्षेत्र में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान कृष्णा रोड लाइंस, न्यू लोहा मंडी से अमानक प्लास्टिक कैरी बैग के कुल 11 कट्टे जब्त किए गए। इस मामले में तत्काल प्रभाव से 35 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया गया।

### पार्षद अनवर कादरी के दोस्त-रिश्तेदार और भाई भी परिवार सहित गायब

**इंदौर**। हिंदू युवतियों से दुष्कर्म और लव जिहाद के आरोपितों के वित्त पोषक पार्षद अनवर कादरी उर्फ अनवर डकैत की सरगर्मी से तलाश जारी है। बाणगंगा और सदर बाजार थाने की पुलिस संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रही है। कादरी के भाई, दोस्त और रिश्तेदार भी फरार हो गए हैं। उनके घरों में ताले लगे हैं। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक अनवर कादरी ने आरोपित अल्ताफ और साहिल को हिंदू युवतियों से शादी करने और उन्हें देह व्यापार में धकेलने के लिए फंडिंग की है। पुलिस ने उसे साजिश का आरोपित बनाया है। अनवर परिवार के साथ फरार हो गया है। शनिवार को उसके दोस्त आशिक के घर सहित भिस्ती मोहल्ला, मूसाखेड़ी और सदर बाजार में दबिश दी गई। सभी के घरों पर ताला लगा हुआ है।

## कलेक्टर बोले- पात्र को जल्द प्लॉट दें गृह निर्माण संस्थाएं

### देवी अहिल्या संस्था को लगाई फटकार

संवाददाता ● इंदौर

कलेक्टर आशीष सिंह ने आज इंदौर में गृह निर्माण सहकारी संस्थाओं संबंधी समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और सकारात्मक निराकरण के लिए संयुक्त बैठक ली। इस बैठक में संबंधित गृह निर्माण सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारी-सदस्यों, नगर निगम, आईडीए, सहकारिता आदि विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया बैठक में देवी अहिल्या गृह निर्माण सहकारी संस्था, न्याय नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था, रघुवंशी गृह निर्माण सहकारी संस्था, वेद माता गृह निर्माण सहकारी संस्था, ग्रीन पार्क गृह निर्माण सहकारी संस्था, मजदूर पंचायत गृह निर्माण सहकारी संस्था, नवभारत गृह निर्माण सहकारी संस्था एवं जागृति गृह निर्माण सहकारी संस्था संबंधी समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

**बैठक**



**कलेक्टर ने दिए समस्याओं के निराकरण के निर्देश** – बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने एक-एक गृह निर्माण सहकारी संस्थाओं की समस्याओं और उनके निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संस्थाओं के सदस्यों को आश्वस्त किया कि विधिक तरीके से आगे बढ़कर सभी पात्र सदस्यों को उनका अधिकार दिलाया जाएगा। इसके लिए सभी के सहयोग से समन्वित प्रयास करते हुए तेजी से हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने गृह निर्माण सहकारी संस्थाओं के सदस्यों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और सकारात्मक निराकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उनके अमल के लिए समय सीमा भी तय की। उन्होंने निर्देश दिए कि जो पात्र सदस्य हैं उन्हें जल्द भूखंड आवंटित किए जाएं। जिन संस्थाओं के निर्वाचन होना है, उनके शीघ्र निर्वाचन कराए जाएं। सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी रूप से समय सीमा में संपन्न की जाए। पात्र सदस्यों को उनके अधिकार नहीं दिए जाने पर संबंधित गृह निर्माण सहकारी संस्था के पदाधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में देवी अहिल्या गृह निर्माण सहकारी संस्था के समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने संस्था अध्यक्ष को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि जांच रिपोर्ट में उल्लेखित पात्र और अपात्र सदस्यों की जानकारी को दृष्टिगत रखते हुए वैधानिक दस्तावेजों के आधार पर वरीयता सूची का निर्धारण 15 दिनों में अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। समय अवधि में निर्णय नहीं लेने पर संचालक मंडल के पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में छेड़छाड़ और धमकी देने के दो मामले सामने आए

### 4 साल की बच्ची से बेड चट, महिला का हाथ पकड़ दी धमकी

**इंदौर**। इंदौर के बाणगंगा इलाके में छेड़छाड़ और धमकाने की दो घटनाओं में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक आरोपी ने पड़ोस में रहने वाली चार साल की बच्ची से छेड़छाड़ की और बच्ची की मां के शोर मचाने पर धमकाया, तो दूसरे मामले में एक कार सवार ने महिला पर अश्लील कमेंट्स किए हैं। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक महिला अपनी चार साल की बेटी और पति के साथ थाने पहुंची और पड़ोसी प्रेम बाबू के खिलाफ एफआईआर कराई। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। महिला ने बताया कि प्रेम बाबू उसकी बेटी को गोद में लेकर बैठा था और जैसी ही वह आई तो बेटी को अचानक गोद से उतार दिया। आरोपी की हरकत संदिग्ध लगी। वह बेटी को बेड टच कर रहा था। मैं आरोपी के घर पहुंची और परिवार से बात की। इसके बाद आरोपी ने फिर से बच्ची से हरकत करने की कोशिश की। इस बात को लेकर चिल्लाया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। बाणगंगा इलाके में कार सवारों ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ की। महिला ने आरोपियों के खिलाफ शनिवार को एफआईआर दर्ज कराई है। बाणगंगा पुलिस ने बताया कि महिला की शिकायत पर जितेंद्र और उसके अन्य तीन साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी कार में थे और उस पर अश्लील कमेंट्स कर रहे थे। इस बात पर उन्हें रोका तो जितेंद्र ने कार से उतरकर हाथ पकड़ लिया। आसपास लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी वहां से कार लेकर चला गया। महिला ने पुलिस को बताया कि जब मैं पति के साथ मार्केट में थी, तब बेटी का कॉल आया। उसने बताया कि कार सवार कुछ लोग उनके घर पहुंचे हैं और बाहर निकलने की धमकी दे रहे हैं।

## केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने पूर्ण स्वामित्ववाली सब्सीडरी कंपनी

### धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना

एजेंसी ● मुंबई

नासिक स्थित केबीसी ग्लोबल लिमिटेड (BSE: 541161, NSE: केबीसीग्लोबल), जो इंफ्रास्ट्रक्चर और EPC सेवाओं में अग्रणी है, उसने रिन्युएबल एनर्जी सेक्टर में अपने विस्तार के हिस्से के रूप में एक नई पूर्ण स्वामित्ववाली सब्सीडरी कंपनी, धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड के गठन की घोषणा की है। 13 जून, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में डिरेक्टर बोर्ड द्वारा इस कदम को मंजूरी दी गई। नई कंपनी स्थिरता और ग्रीन एनर्जी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप सौर और हाइब्रिड ऊर्जा समाधानों पर ध्यान केंद्रित करेगी और जिसका 100% स्वामित्व धरान इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड के पास होगा।

**विकास**

धरन इन्फ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड रिन्युएबल एनर्जी मोडल, सेल और सहायक उपकरण के निर्माण, डिजाइन, विकास, सुधार सहित गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला में शामिल होगा। इसमें अनुसंधान, व्यापार, खरीद, बिक्री, थोक बिक्री, खुदरा बिक्री, वितरण, ईम्पोर्ट - एक्सपोर्ट, संयोजन, निर्माण, मरम्मत, रखरखाव, संशोधन और संचालन शामिल हैं। इसका उद्देश्य सौर ऊर्जा परियोजनाओं और हाइब्रिड सिस्टम - सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करना है जो सौर फोटोवोल्टिक प्रौद्योगिकी को ऊर्जा के अन्य रूपों के साथ जोड़ती हैं।

कंपनी के मेनेजमेन्ट ने कहा, ‘धरन इन्फ्रा सोलर का गठन हमारी विविधीकरण यात्रा में एक स्वाभाविक प्रगति है। रिन्युएबल एनर्जी अब एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। यह पहल एक स्वच्छ, ग्रीन भविष्य में योगदान देने के हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण को पुष्ट करती है, साथ ही स्थायी व्यवसाय विकास के लिए नए रास्ते खोलती है।‘

इस नई सब्सीडरी कंपनी का गठन इंफ्रा-ईपीसी की इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एक व्यापक खिलाड़ी बनने की रणनीति में एक महत्वपूर्ण सीमाचिह्न है। यह ऐसे समय में हुआ है जब भारत रिन्युएबल एनर्जी की ओर अपने संक्रमण को तेज कर रहा है, जिससे महत्वपूर्ण बाजार अवसर पैदा हो रहे हैं।

कंपनी बुनियादी ढांचे और ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने और बाजार में अपने ब्रांड को फिर से स्थापित करने के लिए रणनीतिक बदलाव के हिस्से के रूप में केबीसी ग्लोबल लिमिटेड से धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड में रीब्रांडिंग कर रही है। फरवरी 2024 में, निदेशक मंडल ने 260 करोड़ रुपये के ऑर्डर बुक साइज के साथ शेयरधारकों को 1:1 बोनस शेयर जारी करने को मंजूरी दी।

केबीसी ग्लोबल लिमिटेड भारत के बुनियादी ढांचे और निर्माण क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी है, जिसका इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं में पोर्टफोलियो बढ़ रहा है। उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाएं देने के इतिहास के साथ, कंपनी अब रिन्युएबल एनर्जी सेक्टर में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय रेल का राष्ट्रव्यापी भव्य आयोजन

### चिनाब, अंजी और पांबन ब्रिज पर भी हुआ अद्भुत योग सत्र, देश के सभी रेल ज़ोन, मंडल, और रेल परिसरों में आयोजन

एजेंसी ● नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय रेल ने पूरे देश में भव्य और उत्साहपूर्ण योग सत्रों का आयोजन किया। “योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ” की भावना को आत्मसात करते हुए यह आयोजन देश के सभी रेल ज़ोन, मंडल, स्टेशनों और रेल परिसरों में हुआ। इस मौके पर रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कर्नाटक के हासन में और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने चंडीगढ़ के सुखना लेक किनारे योग सत्र में हिस्सा लिया। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार नई दिल्ली स्थित करनैल सिंह स्टेडियम में आयोजित योग सत्र में शामिल हुए।

**आयोजन**

इस वर्ष आयोजन की विशेष बात यह रही कि योग न केवल स्टेशनों और कार्यालय परिसरों में हुआ, बल्कि भारतीय रेल की प्रतिष्ठित, ऐतिहासिक और इंजीनियरिंग दृष्टि से अद्वितीय संरचनाओं पर भी संपन्न हुआ। पहली बार जम्मू और कश्मीर के चिनाब नदी पर स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे रेल आर्च ब्रिज चिनाब ब्रिज पर भी विशेष योग सत्र आयोजित किया गया, जो भारतीय रेल के आत्मविश्वास और आयोजन क्षमता का प्रतीक बना। साथ ही भारत के पहले केबल स्टेड रेल ब्रिज अंजी ब्रिज और तमिलनाडु में बने देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेल ब्रिज पांबन पर भी योग सत्र का आयोजन किया गया, जो योग और इंजीनियरिंग की अद्भुत संगति का प्रतीक बना। इसके साथ पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में योग को समर्पित एक विशेष EMU ट्रेन सेवा भी चलाई गई।

इस ट्रेन के कोचों पर योग मुद्राओं और उनके लाभों को चित्रित किया गया, जिससे यात्रियों के बीच जागरूकता बढ़ाई जा सके। देश के अलग-अलग हिस्सों में हुए योग सत्र में रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों, रेल सुरक्षा बल, स्काउट्स एंड गाइड्स, स्कूली छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधि तथा बडी संख्या में नागरिको ने भाग लिया। योग सत्र के इन सत्रों में आसनों के साथ-साथ प्राणायाम, ध्यान और योग के जीवनदायिनी पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया। भारतीय रेल ने इस आयोजन के माध्यम से न केवल अपने कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया, बल्कि समाज के व्यापक वर्ग को भी योग के प्रति जागरूक किया।

### बजाज आलियांज़ लाइफ महिला टर्म सर्वेक्षण 2025 : 73% माताएं अपने न होने की स्थिति में अपने बच्चे की शिक्षा के लिए धन जुटाने के बारे में चिंतित हैं

# अपने बच्चे के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शीर्ष वित्तीय समाधान मानती हैं

एजेंसी ● पुणे

भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज़ लाइफ इंश्योरेंस ने पिक्सिस ग्लोबल और क्वाल्स.एआई के सहयोग से अपने नवीनतम अध्ययन, बजाज आलियांज़ लाइफ वूमेन टर्म सर्वे (बजाज आलियांज़ लाइफ महिला टर्म सर्वेक्षण) से उल्लेखनीय निष्कर्ष प्रस्तुत किए। इस सर्वेक्षण में मेट्रो, टियर-1 और टियर-2 शहरों में 1,000 से अधिक वेतनभोगी और स्वरोज़गार वाली महिलाओं को शामिल करते हुए गुणात्मक और मात्रात्मक पद्धतियों का संयोजन किया गया। इसके तहत उनकी शीर्ष वित्तीय प्राथमिकताओं, आपात स्थितियों के लिए तैयारी और दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा के दृष्टिकोण का आकलन किया गया। सर्वेक्षण वित्तीय प्राथमिकताओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव को उजागर करता है - जिसमें बच्चों का भविष्य, शिक्षा व्यय और स्वास्थ्य शीर्ष चिंताओं के रूप में सामने आते हैं। टर्म इंश्योरेंस महिलाओं के लिए अपने बच्चे के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पसंदीदा वित्तीय उत्पाद के रूप में उभरा है।

**सर्वेक्षण**

53% महिलाओं ने अपने परिवार की बचत को प्रभावित करने वाले अप्रत्याशित स्वास्थ्य खर्चों के बारे में चिंता व्यक्त की, जो स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। इसके अलावा 87% ने गंभीर बीमारी कवर को अत्यधिक आकर्षक पाया, और 50% ने अपने टर्म प्लान में अंतर्निहित स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाओं को एक आवश्यक विशेषता माना। इसके अतिरिक्त, महिलाएं टर्म प्लान में बच्चों की शिक्षा से जुड़े लाभों को भी एक आवश्यक हिस्सा मानती हैं। ये निष्कर्ष इस बात को रेखांकित करते हैं कि आज आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिलाएं ऐसे बीमा की तलाश कर रही हैं जो न केवल जीवन की रक्षा करता हो बल्कि दीर्घकालिक स्वास्थ्य और परिवार की भलाई का भी समर्थन करता हो।

बजाज आलियांज़ लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, तरुण चुघ ने कहा, ‘बजाज आलियांज़ लाइफ के महिला टर्म सर्वेक्षण 2025 के निष्कर्षों से पता चलता है कि महिलाएं टर्म इंश्योरेंस को सिर्फ जीवन बीमा से कहीं ज़्यादा मानती हैं। वे इसे एक व्यापक वित्तीय समाधान के रूप में देखती हैं जो उनकी वित्तीय प्राथमिकताओं के साथ मेल खाता है। टर्म प्लान से उनकी अपेक्षाओं में बच्चों के वित्तीय भविष्य, स्वास्थ्य संबंधी खर्चों, गंभीर बीमारियों और परिवार के लिए समग्र वित्तीय सुरक्षा के लिए कवरेज शामिल है। ये जानकारियां हमें ऐसे समाधान तैयार करने में मार्गदर्शन करती रहेंगी जो हमारी महिला ग्राहकों की विशिष्ट ज़रूरतों को पूरा करते हुए उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करेंगी।‘

### सर्वेक्षण के मुख्य निष्कर्ष

- बच्चों का वित्तीय भविष्य शीर्ष वित्तीय प्राथमिकता है:
- 61% माताएं अप्रत्याशित घटनाओं की स्थिति में अपने बच्चे की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना अपनी प्राथमिक चिंता मानती हैं।
- आय स्थिरता (61%), स्वास्थ्य व्यय (53%), सेवानिवृत्ति योजना (54%), और बच्चे की शिक्षा (57%) शीर्ष वित्तीय प्राथमिकताओं में उभरी हैं।
- टर्म इंश्योरेंस बच्चे की वित्तीय सुरक्षा के लिए पसंदीदा विकल्प के रुप में उभरा
- 46% महिलाएं अपने बच्चे के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए टर्म इंश्योरेंस में निवेश करना पसंद करती हैं, जिससे यह इस लक्ष्य के लिए सबसे पसंदीदा वित्तीय उत्पाद बन गया है।
- महिलाओं को अप्रत्याशित स्वास्थ्य और चिकित्सा व्यय की चिंता होती है जो बचत को प्रभावित करते हैं
- 87% महिलाओं को टर्म इंश्योरेंस में 'गंभीर बीमारी कवरेज' की सुविधा बहुत आकर्षक लगती है।
- 57% महिलाएं टर्म प्लान में "बिल्ट इन एचएमएस और हेल्थ/सीआई कवर" को एक आवश्यक सुविधा मानती हैं
- टर्म में चाइल्ड इनकम प्रोटेक्शन सुविधा में काफी रुचि दिखी
- 93% माताओं को टर्म प्लान में 'चाइल्ड इनकम सिक्योरिटी' सुविधा बहुत आकर्षक लगती है
- टर्म इंश्योरेंस में महिलाएं जो अन्य सुविधाएं चाहती हैं
- 51% लचीलापन और परिपक्वता लाभ चाहती हैं - जीवन की घटनाओं के अनुसार कवरेज बढ़ाने की क्षमता के साथ।
- 33% माताएं टर्म प्लान में बच्चे की शिक्षा के लिए वित्तीय लाभ को आवश्यक मानती हैं।
- 28% महिलाएं उच्च जीवन बीमा वाले टर्म प्लान चाहती हैं
- मौजूदा टर्म प्लान में कथित कमियां
- महिलाओं ने कवरेज को समायोजित करने में लचीलेपन की कमी, परिपक्वता लाभों की अनुपस्थिति और जटिल दावा प्रक्रियाओं को प्रमुख बाधा माना।
- किफायती प्रीमियम और स्वास्थ्य/सीआई कवरेज राइडर पसंदीदा तत्व थे।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, सोमवार, 23 जून, 2025
www.adityabharat.com



### सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक, सालभर में हो चुके 15 हादसे

# मानसून के आते ही लुभाने लगे झरने, पर्यटक स्थल हुए बंद

**संवाददाता ● इंदौर**

मानसून के आते ही इंदौर और आसपास के तिंछा फॉल, पातालपानी, सीतलामाता फॉल, कजलीगढ़, मोहाड़ी फॉल और हत्यारी खो जैसे 100 से अधिक पर्यटन स्थल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। क्षेत्रीय पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ बढ़ने लगी है। खासकर वीकेंड पर यह स्थल सैकड़ों पर्यटकों से भरे रहते हैं, जो इन स्थानों की हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने आते हैं, लेकिन इन खूबसूरत स्थलों के साथ एक खतरनाक पहलू भी जुड़ा हुआ है, यानी इन स्थलों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजामों की कमी।

**प्रतिबंध**

पिछले एक साल में इन पर्यटन स्थलों पर 15 से अधिक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कुछ लोगों की जान भी चली गई। बावजूद इसके, सुरक्षा इंतजामों में कोई विशेष बदलाव नजर नहीं आ रहे हैं। कई प्रमुख स्थानों पर फेंसिंग और बैरिकेडिंग तक नहीं की गई है, जबकि प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए पिछले साल गाइडलाइन जारी की थी। इन स्थानों पर दुर्घटनाओं के संकेतक बोर्ड भी नहीं लगाए गए हैं। हाल ही में डबलचौकी क्षेत्र में हुए दो डूबने के हादसों में दो लोगों की मौत हो गई थी।

**पुलिस प्रशासन ने लिया सख्त कदम** - इंदौर के डीआईजी ग्रामीण निमिष अग्रवाल ने इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के खतरनाक पिकनिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करें। खासकर वीकेंड पर इन स्थानों की निगरानी जरूरी कर दी गई है। इसके अलावा, ग्राम रक्षा समिति को भी इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम रक्षा समिति के 100 से अधिक सदस्य स्थानीय इलाकों की जानकारी रखते हुए सुरक्षा में मदद करेंगे।



### पहले भी हो चुके हैं कई बड़े हादसे

इंदौर के प्रमुख पिकनिक स्थलों जैसे पातालपानी और तिंछा फॉल पर कई हादसे हो चुके हैं। 2021 में तिंछा फॉल पर फिसलने से तीन युवकों की मौत हो गई थी। पातालपानी जैसे प्रसिद्ध जलप्रपातों में जलस्तर बढ़ने और फिसलन के कारण कई बार हादसे हो चुके हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने पहले चेतावनी बोर्ड, रस्सियों और बैरिकेड्स लगाए थे, लेकिन पर्यटकों द्वारा इन सुरक्षा उपायों की अनदेखी की जाती है।

### प्रशासन की अपील

पुलिस और जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें तथा चेतावनी बोर्ड व बैरिकेड्स का पालन करें। खासतौर पर युवा वर्ग से आग्रह किया गया है कि वे सोशल मीडिया पर वायरल कंटेंट बनाने के चक्कर में खतरनाक हरकतें न करें। डीआईजी निमिष अग्रवाल ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति चेतावनी के बावजूद खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सेल्फी और स्टंट से बढ़ रहे हादसे - हाल ही में मोहाड़ी फॉल पर तीन युवकों ने सेल्फी लेने के चक्कर में 300 फीट गहरी खाई में उतरने का प्रयास किया और रास्ता भटक गए। मोबाइल नेटवर्क न होने के कारण वे किसी से सहायता भी नहीं ले पाए। बाद में पुलिस और परिजनों ने उन्हें ढूंढकर सुरक्षित बाहर निकाला। ऐसे घटनाएं दर्शाती हैं कि पर्यटन स्थलों पर सेल्फी और स्टंट की वजह से हादसे बढ़ रहे हैं।

### महू क्षेत्र के जलप्रपातों और एकांत पर्यटन स्थलों पर बैन

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 (1) (2) के अंतर्गत जन स्वास्थ्य एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से महू तहसील अंतर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों पर आमजन के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया है।यह प्रतिबंध तिंछा फॉल, चोरल फॉल, चोरल डेम, सीतलामाता फॉल, कजलीगढ़, मेहंदी कुण्ड, जामन्या कुण्ड, मोहाडी फॉल, रतबी वॉटरफॉल, लोहिया कुण्ड, जूनापानी, चिड़िया भड़क, बामनिया कुण्ड, जोगी भड़क, हत्यारी खो आदि जैसे जलप्रपातों एवं एकांत पर्यटन स्थलों पर लागू होगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत अपराधिक प्रकरण दर्ज कर अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी।

## शॉट न्यूज

### होटल के कमरे से मौसी-भांजी के जेवरात चोरी

**इंदौर**। लसुड़िया इलाके की एक होटल के कमरे में घुसकर चोर लखनऊ से आई मौसी-भांजी के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर गए। अब पुलिस होटल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। चोरी की वारदात निपानिया रोड स्थित होटल सिलेक्ट सरवग्या के कमरा नंबर 204 में हुई। मामले में फरियादी प्रियंका तिवारी निवासी लखनऊ की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया हैं। फरियादी ने पुलिस को बताया कि 19 जून को हम सिलेक्ट सरवग्या होटल निपानिया में रूके थे, हम खाना खाने के लिये उक्त होटल के ही उपर वाले फ्लोर पर रात्रि करीब 10:30 बजे गये और जब खाना खाने के बाद रात्रि करीब 01.30 बजे वापस आये तो देखा कि मेरी मौसी संध्या तिवारी एवं मेरा पर्स बिस्तर पर खुला पड़ा हुआ था।

### कार सवार युवक और अस्पताल के गार्ड में विवाद

**इंदौर**। खुड़ैल इलाके के एक अस्पताल में गार्ड और कार सवार युवकों के बीच विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किए हैं। अस्पताल के गार्डों ने कार सवार युवक व साथी को डंडों से पीटा और कमरे में बंद कर दिया। उधर कार सवारों पर मारपीट का केस दर्ज किया गया। मारपीट की घटना इंडेक्स हॉस्पिटल मेन कैंपस में हुई। एक पक्ष से गार्ड ने भी लगाए मारपीट के आरोप। दोनों पक्षों पर केस हुआ है। तपेश पिता जयदीप वर्मा निवासी गणेश नगर उज्जैन की रिपोर्ट पर गार्ड दीपक राजपूत और सुरेश शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि दोनों गार्ड ने ये कहकर विवाद किया कि अस्पताल में अंदर क्यों आए। गालियां दी और डंडों से मारपीट कर चोट पहुंचाई।

### बालाजी स्टोन क्रेशर पर लगाया 16 करोड 64 लाख का जुर्माना

**इंदौर**। एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा एक आदेश पारित कर डॉ. अंबेडकर नगर महू तहसील क्षेत्र के मैसर्स बालाजी स्टोन क्रेशर और अर्थ मूवर्स तर्फे भागीदार योगेश पाटीदार पिता राम गोपाल पाटीदार के विरुद्ध खनिज का अवैध उत्खनन प्रमाणित होने पर 16 करोड 64 लाख रुपए से अधिक का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। जिले में कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में खनिज माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में बताया गया है कि अनावेदक द्वारा ग्राम आंबाचन्दन में स्वीकृत उत्खनि पट्टा क्षेत्र पर स्वीकृत खनिज पत्थर (गिट्टी) की अपेक्षा अस्वीकृत खनिज मूरम का उत्खनन कार्य किया गया है।

### मानसून की दस्तक : शहर में बारिश के आसार, दिनभर बादल छाए रहे


# गर्मी से राहत, दो दिन में तेज बारिश की संभावना

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर में गर्मी से अब राहत मिलने लगी है और पारा भी लगातार गिरता जा रहा है। मंगलवार को भी पारा 2.4 डिग्री गिरकर 32.2 पर आ गया। रात का पारा 1.9 डिग्री गिरा और वह भी 24.1 पर आ गया। कल सुबह से इंदौर में बादल छाए रहे और तापमान में गिरावट देखी गई। दिन में कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई और कई क्षेत्रों में लगातार एक से दो घंटे तक रिमझिम बरसात भी हुई। सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस (-1 डिग्री) रिकॉर्ड किया गया, वहीं रात का तापमान 2 डिग्री लुढ़ककर 24.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। जून महीने में यह पहली बार है जब रात का तापमान सामान्य पर आया है। सोमवार को दिनभर उमस ने लोगों को परेशान किया, जबकि शाम को कुछ इलाकों में हल्की बौछारें भी पड़ीं। मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के बाद, इंदौर में भी अगले 48 घंटों में मानसून के पहुंचने के आसार हैं। इस दौरान हवाओं की गति 40 किमी प्रति घंटा से अधिक हो सकती है।

**मानसून**

**एक सप्ताह में पूरे प्रदेश में छा जाएगा मानसून** - मानसून प्रदेश में दाखिल हुआ। अनुमान है कि अगले 2 दिनों में मानसून भोपाल और इंदौर में दस्तक दे सकता है। वहीं, मानसून सबसे आखिरी में ग्वालियर-चंबल में पहुंचेगा। मौसम विभाग के अनुसार, एक हफ्ते में मानसून पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। मौसम विभाग ने मंगलवार को तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश का अनुमान जताया है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के मुताबिक, वर्तमान में दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव हैं, जिसके कारण आंधी और बारिश का दौर जारी रहेगा। साथ ही, मानसून भी अब सक्रिय हो गया है।



### इस बार लेट हो गया मानसून

इस बार देश भर में मानसून सामान्य समय से 8 दिन पहले आ गया था, लेकिन मध्य प्रदेश में यह एक दिन लेट पहुंचा है। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में मानसून निर्धारित समय से पहले ही आ गया था, जिसके बाद यह अनुमान था कि मध्य प्रदेश में मानसून जून के पहले सप्ताह में ही पहुंच जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पिछले 15 दिनों से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में स्थिर रहा, जिससे मध्य प्रदेश में इसकी एंट्री में देरी हुई। हालांकि, 13-14 जून को मानसून ने आगे बढ़ने की शुरुआत की और मध्य प्रदेश में मानसून की सामान्य प्रवेश तिथि 15 जून रही है, जबकि पिछले साल यह 21 जून को प्रदेश में प्रवेश किया था। 17 दिनों से अटकी मानसून एक्सप्रेस ने रफ्तार पकड़ ली। मानसून ने तय 15 जून से एक दिन बाद सोमवार को बुरहानपुर खंडवा के रास्ते प्रदेश में दस्तक दी। मानसूनी बादल खंडवा, बड़वानी, बुरहानपुर को छूते हुए गुजरे। मौसम विभाग की फोरकास्ट इंचार्ज डॉ. दिव्या सुरेंद्रन के अनुसार, अगर सब कुछ ठीक रहा और सिस्टम एक्टिव रहे तो अगले 5 दिनों में भोपाल समेत आधे प्रदेश में तो 26 जून तक पूरे प्रदेश में मानसून छाने की उम्मीद है। सोमवार की सुबह तक खंडवा में 41 मिमी बारिश हुई। वहीं राजधानी में धूप, आंशिक बादल के बीच गर्मी-उसम रही। इस बार मप्र में 106% बारिश के आसार हैं। उधर, आइएमडी ने जून के अंतिम सप्ताह तक मानसून के देश के ज्यादातर हिस्से को कवर करने की संभावना व्यक्त की है। आइएमडी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में हवा का परिसंचरण निम्न वायुदाब का क्षेत्र बना रहा है, जिससे मानसून को गति मिलेगी।

### एमपी में भारी बारिश का अलर्ट

मध्य प्रदेश समेत, छत्तीसगढ़, बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा में पूर्वी राजस्थान, हरियाणा में पश्चिमी राजस्थान में तेज बारिश की संभावना।

### कई शहरों में तापमान में गिरावट

सीधी में 41.4 डिग्री, टीकमगढ़ में 40.7 डिग्री, खरगोन में 40.2 डिग्री और उमरिया में पारा 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य शहरों का तापमान 40 डिग्री से नीचे ही रहा। नरसिंहपुर में बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई। पारा एक ही दिन में 11.4 डिग्री लुढ़ककर 30 डिग्री पर आ गया। नौगांव में 6.6 डिग्री, खजुराहो में 5.5 डिग्री, छिंदवाड़ा में 4.8 डिग्री, दमोह में 6 डिग्री, भोपाल में 4.6 डिग्री, गुना में 4.5 डिग्री, नर्मदापुरम में 7.3 डिग्री की गिरावट हुई। भोपाल में तापमान 35.6 डिग्री, इंदौर में 35.2 डिग्री, उज्जैन में 37 डिग्री, ग्वालियर में 37.1 डिग्री और जबलपुर में 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### निगम में दो इंजीनियरों के बीच जमकर चले लात-घूंसे

**इंदौर**। नगर निगम के विद्युत विभाग में दो इंजीनियरों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। ये सारा घटनाक्रम विद्युत विभाग में लगे कैमरे में कैद हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही निगमायुक्त ने एक इंजीनियर शर्मा को ट्रेंचिंग ग्राउंड पदस्थ करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। नगर निगम में निगमायुक्त व पूर्व निजी सहायक के कई कृपापात्र अनेक विभागों व महत्वपूर्ण पदों पर काबिज रहे। अपात्र होने के बावजूद मलाई खाते रहे। अब जब से पूर्व निजी सहायक से नगर निगम को छुटकारा मिला है, तब से उनकी जमावट बिखरने लगी है। वाहन खड़े रखने की बात से हुई तूतू-मैंमैं इतनी बढ़ी कि उसने मारपीट का रूप ले लिया। नगर निगम के प्रभारी सहायक यंत्री मुख्यालय आशुतोष शर्मा ने विद्युत विभाग के मस्टर इंजीनियर लोकेश मेहता की कार्यालय के बाहर खड़ी कार की हवा निकलवा दी।

### चलता-फिरता पासपोर्ट कार्यालय शुरू ऑनलाइन बुकिंग हो सकेगी

**इंदौर**। इन दिनों पासपोर्ट बनवाने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। नौकरी करने, पढ़ने वाले छात्रों के अलावा बड़ी संख्या में विदेशों में सैरसपाटे के लिए भी पासपोर्ट बनवाए जा रहे हैं। इसके चलते आवेदनों की संख्या भी कई गुना बढ़ गई। वहीं लोगों को लम्बी यात्रा कर पासपोर्ट ऑफिस पहुंचना पड़ता है, जिनमें छोटे शहर, कस्बे से लेकर गांव तक भी शामिल हैं। अभी सीमित बड़े शहरों में ही पासपोर्ट ऑफिस विदेश मंत्रालय ने खोल रखे हैं, जिसमें इंदौर में ही पासपोर्ट ऑफिस, जो पहले योजना 140 में था, वह अब निपानिया में अपोलो डीबी सिटी के गोल्ड प्लाजा में शिफ्ट हो गया है, जहां बड़ी संख्या में पासपोर्ट बनवाने वालों की भीड़ लगी रहती है। अब केन्द्र सरकार ने चलता-फिरता पासपोर्ट कार्यालय शुरू किया, जिसमें आवेदकों के पास खुद मोबाइल वैन पहुंचेगी। प्रदेश में मोबाइल पासपोर्ट वैन शुरू की गई है।

# कुक्कुट पालन केंद्र की 17 एकड़ जमीन का सौदा खटाई में

### फर्जी बैंक गारंटी में उलझी कंपनी जमा नहीं कर पाई पहली किस्त

**संवाददाता ● इंदौर**

गुजरात की जिस कंपनी ने इंदौर में कुक्कुट पालन केंद्र की 17 एकड़ जमीन का सौदा किया था, वह फर्जी बैंक गारंटी मामले में उलझ गया है। यही नहीं, कंपनी पहली किस्त के 23 करोड़ रुपए ही जमा नहीं कर सकी और समय बढ़ाने का आवेदन कर दिया। तीर्थ गोपीकॉन लि. ने एमओजी लाइन स्थित कुक्कुट पालन केंद्र की स्मार्ट सिटी की जमीन सबसे ऊंची 455 करोड़ की बोली लगाकर खरीदना तय किया, मगर उस पर आरोप लगे कि उसने पूर्व में मप्र जल निगम के जो सिंचाई के बड़े प्रोजेक्ट के टेंडर लिए, उसमें 184 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी का इस्तेमाल किया। हालाँकि कंपनी ने रावजी बाजार थाने पर फर्जी बैंक गारंटी से जुड़ी शिकायत दर्ज करवाई थी। बैंक गारंटी के मामले में उलझी तीर्थ गोपीकॉन कंपनी पर आरोप लगे कि उसने पूर्व में जल निगम के जो सिंचाई के बड़े प्रोजेक्ट के टेंडर लिए, उसमें 184 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी का इस्तेमाल किया। दूसरी तरफ कंपनी का कहना है कि उसके साथ बैंक मैनेजर ने धोखाधड़ी की और फर्जी बैंक गारंटी दे दी, जिसकी शिकायत रावजी बाजार थाने पर दर्ज करवाई गई। मामला हाईकोर्ट पहुंचा तो पिछले दिनों हाईकोर्ट ने सीबीआई को इस मामले की जांच करने के निर्देश दिए, ताकि यह पता लग सके कि कंपनी सही बोल रही है या झूठ, जिसके चलते सीबीआई ने कलकत्ता से पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक सहित अन्य दो लोगों को गिरफ्तार किया और पूछताछ के लिए उन्हें इंदौर भी लाया गया, क्योंकि इंदौर में ही कंपनी ने रावजी बाजार थाने पर फर्जी बैंक गारंटी से जुड़ी शिकायत दर्ज करवाई थी।

**मामला**

दूसरी तरफ एमओजी लाइन की जमीन खरीदने वाली इसी तीर्थ गोपीकॉन को टेंडर शर्त के मुताबिक पहली किस्त की राशि 23 करोड़ जमा करना थी।



### 66 हजार रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर

इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड ने एमओजी लाइन में कई बड़े भूखंडों को भी टेंडरों से बेचा है और कुछ भूखंड अभी भी बिक्री से बचे हुए हैं। इसके साथ ही कुक्कुट पालन केंद्र की 68510 स्क्वेयर मीटर यानी 17 एकड़ जमीन को भी स्मार्ट सिटी को सौंपा गया और उसे टेंडर के जरिए बेचना तय किया, ताकि प्राप्त होने वाली राशि से शहर में विकास कार्य करवाए जा सकें। पहले तो दो बार इसके टेंडर बुलाए, मगर इतना बड़ा जमीनी सौदा कोई लेने को तैयार नहीं हुआ, क्योंकि पूरी राशि एक नम्बर में जमा करना है। उसके पश्चात बुलाए टेंडर में तीन फर्मों ने हिस्सा लिया, जिनमें विजय बाबूलाल जैन रियल इस्टेट, वीसी प्रोजेक्ट एंड इन्फ्रा. प्रा. लि. और तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड शामिल रहा, जिसमें सबसे ऊंची बोली तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड ने 454.54 करोड़ की लगाई, जिसे स्मार्ट सिटी बोर्ड बैठक में मंजूरी भी दी गई।

### टेंडर शर्तों में परिवर्तन, 11 किमी में सड़क और डिवाइडर का निर्माण भी होगा शुरू

# 300 करोड़ का बीआरटीएस अब 5 हिस्सों में तोड़ा जाएगा

**संवाददाता ● इंदौर**

बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने की प्रक्रिया भी धीमी गति से चल रही है, जिसके चलते आम लोगों को जाम में लगातार फंसना पड़ता है। हाईकोर्ट के आदेश आने के बाद निगम के कर्ताधर्ताओं ने एक हिस्से को ताबड़तोड़ तोड़ा भी और उसके बाद टेंडर प्रक्रिया भी शुरू की। पहले दो बार में कोई भी ठेकेदार फर्म नहीं आई, क्योंकि निगम ने 3 करोड़ 68 लाख की राशि मांगी। 11 किमी के बीआरटीएस कॉरिडोर को बनाने में लगभग 300 करोड़ समय-समय पर खर्च हुए हैं। अब तीसरी बार टेंडर शर्तों में संशोधन करना पड़ा और उक्त राशि 5 किस्तों में ली जाएगी और उसके साथ ही जितने हिस्से में बीआरटीएस टूटेगा उतने में निगम सड़क के साथ डिवाइडरों के निर्माण का कार्य भी शुरू करवा देगा, जिसके 17 करोड़ रुपए के टेंडर मंजूर हो चुके हैं। निगम को उम्मीद है कि अब तीसरी बार बीआरटीएस को तोड़ने का जो टेंडर बुलाया है, उसके लिए कोई न कोई उपयुक्त ठेकेदार फर्म मिल ही जाएगी, क्योंकि प्रीबिड में मिले सुझाव के आधार पर ही किश्तों का प्रावधान किया गया है।

**आदेश**



**इतनी बड़ी राशि एक साथ जमा करने को कोई तैयार नहीं** - दूसरी तरफ जीपीओ चौराहा पर बीआरटीएस की रैलिंग निकाली गई और महापौर सहित अधिकारियों ने बीआरटीएस हटाने की प्रक्रिया भी की। मगर उसके बाद निगम को ठेकेदार ही नहीं मिला, क्योंकि 3 करोड़ 68 लाख रुपए की राशि निगम ले रहा है और बदले में जो मलबा-स्क्रैप निकलेगा वह ठेकेदार फर्म बेचेगी। मगर दो बार निगम को कोई टेंडर नहीं मिले, क्योंकि इतनी बड़ी राशि एक साथ जमा करने को कोई तैयार नहीं हुआ। बीआरटीएस की दोनों तरफ लगी रैलिंग के अलावा 18 बस शेल्टर भी तोड़े जाना है। निगम ने लगभग डेढ़ लाख किलो से अधिक लोहा निकलने का अनुमान लगाया और अन्य तरह के स्क्रैप मटेरियल की कीमत जोड़ते हुए टेंडर की राशि तय की।

# थोड़ा-सा अतिरिक्त एक बड़ी रिलेशनशिप को बनाता है

लक्ष्मीनारायण को अरबी फ्राई पसंद है और मुथुरामन को पत्तागोभी, यह कहते हुए मेरी मां खूब सारा अरबी धोकर कुकर में डाल देतीं और आंच तेज कर देतीं ताकि यह सख्त सब्जी जल्दी पक जाए। इस बीच वे जल्दी से धुली हुई पत्तागोभी को काटकर अलग से पानी में उबाल लेतीं। अरबी के छिलके उतारने के लिए मेरी बहन की मदद लेने के बाद वे ताजा नारियल छीलना शुरू कर देतीं। वे मुझे अरबी को केरल वाले आलू के चिप्स की तरह काटने के लिए कहतीं। फिर ये दोनों सब्जियां दो अलग-अलग कढ़ाई में चली जातीं। उबली हुई पत्तागोभी को लाल सूखी मिर्च और ढेर सारी चना दाल (पहले से गरम पानी में भिगोई हुई) के साथ तड़का दिया जाता और कढ़ाई में डालने से पहले धीमी आंच पर पकाया जाता। अरबी पर सब तरफ से मसाला लगाने के बाद उन्हें बहुत कम तेल में मद्धम आंच पर भूना जाता। फिर कड़ाही में गोभी को चलाते हुए ऊपर से नारियल बुरककर डालते।

लेकिन उस दिन ये दोनों सब्जियां हमारे खाने का हिस्सा नहीं होती थीं। यह सब इसलिए किया गया था, क्योंकि मेरे उपरोक्त दो दोस्त हमें बिना बताए भोजन के लिए चले आए थे। इस तरह से किसी के भी चले आने पर मां कभी मुंह नहीं बनातीं। वे घर आने वालों के चेहरों को पढ़कर बता देतीं कि उन्हें कितनी भूख लगी है और उनकी पसंद का खाना बनाने की कोशिश करतीं। वे हर किसी की पसंद को याद रखती थीं और उसी के अनुसार खाना बनाती थीं। बताने की जरूरत नहीं कि मेरे दोस्त उन सब्जियों को चाव से खाते, डकार लेते और चले जाते, और अगर मैं उनके हिस्से का खा लेता तो मुझसे झगड़ा करते।

वैसे तो पूरा भोजन ही स्वादिष्ट होता था, लेकिन ये दोनों दोस्त अगले कुछ महीनों तक कॉलेज में अरबी और गोभी- इन दो ₹अतिरिक्त' सब्जियों की तारीफ करते रहते, जब तक कि वे अगली बार मेरे घर नहीं आ जाते। मां की मृत्यु के 30 साल बाद भी उन्हें उन सब्जियों का स्वाद ठीक उसी तरह से याद है, जैसे उन्होंने उन्हें कल रात खाया हो।

**उन्होंने ये सब कैसे किया? आर्थिक तौर पर पिछड़े वर्ग के छठी से बारहवीं के बच्चों के लिए हॉस्टल सुविधा के साथ संचालित होने वाले सर्वोदय स्कूल में छात्राओं को मुफ्त आवासीय कोचिंग मिली। नियमित स्कूल के अलावा ये छात्राएं खासतौर पर नीट के लिए कोचिंग में भी शामिल होती थीं।**

मुझे यह कहानी शनिवार को तब याद हो आई, जब मैं भिलाई में रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित एचआर कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहा था। 20 से अधिक एमएनसी के एचआर अधिकारी वहां गोलमेज सम्मेलन में शामिल हुए थे। मैंने अपना संबोधन यह कहते शुरू किया कि अपने बारे में कुछ बताइए। मुझे नहीं पता कि यह सवाल कितना पुराना है। लेकिन ये वो सवाल है, जो किसी भी कंपनी में ज्यादातर इच्छुक उम्मीदवारों की किस्मत तय करता है। यहां बैठे इन एचआर प्रमुखों से पूछिए। वे इस सवाल को बार-बार पूछने में कभी शर्म महसूस नहीं करते। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह एक से दो मिनट की छोटी-सी अवधि उम्मीदवार के आत्मविश्वास, भाषा-शैली, हास्यबोध, सतर्कता, कहानी सुनाने की क्षमता और देहभाषा से परिचित कराती है। आप सभी को मेरी सलाह है कि इंटरव्यू खत्म होने तक रिज्यूमे में लिखी की गई जानकारी के अलावा भी अपने पास अपने बारे में कुछ ₹अतिरिक्त' रखें।

इसने मुझे एक फरसाण स्टोर की याद दिलाई, जिसके बुजुर्ग संस्थापक जब कैश काउंटर पर बैठते थे, तब उनकी बिक्री बहुत अच्छी चल रही थी और जब उनका एमबीए की पढ़ाई कर रहा बेटा उसी जगह पर बैठा, तो बिक्री में भारी गिरावट आई। वे हैरान थे कि ऐसा क्यों हो रहा है। अंत में पता चला कि ग्राहकों को यह बात बहुत अच्छी लगती थी कि बुजुर्ग प्लास्टिक बैग को सील करने से पहले फरसाण का एक ₹अतिरिक्त' बड़ा टुकड़ा उसमें डाल देते थे, जबकि एमबीए की पढ़ाई कर रहा बेटा वजन के बराबर ही तौलता था। उस ह्यअतिरिक्तह्ल से ही ग्राहकों और दुकान के बीच एक रिश्ता बन गया था। यह कुछ ऐसा ही था, जो अतीत के दिनों में दूधवाले किया करते थे। फंडा यह है कि आप युवाओं को ज्ञान, कहानियां, भोजन, साक्षात्कार के दौरान आत्म-गौरव से लेकर शुभकामनाएं तक कुछ भी दे सकते हैं, लेकिन दुनिया हमेशा उस ह्यअतिरिक्तह्ल चीज की कद्र करती है, जो आप इस प्रक्रिया में देते हैं। और हां, आपकी मानवता की भी।

## संत वचन

फिर आज हमारे सुसमाचार के अंश में, हमने सुसमाचार के संत लूका के सुसमाचार से वर्णन की निरंतरता सुनी, जहाँ प्रभु ने फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों को उनके कार्यों और ईश्वर और उनके उद्धारकर्ता में उनके विश्वास की कमी के लिए फटकारना और आलोचना करना जारी रखा। हमने इफिसुस के विश्वासियों को प्रेरित पौलुस का अभिवादन सुना, जिसमें उन्होंने उन सभी को उनके प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह में उद्धार की याद दिलाई, जिसके बारे में वे और अन्य प्रेरित और मिशनरी घोषणा करते रहे थे, और उन्हें याद दिलाया कि प्रभु में उद्धार मसीह के द्वारा और जो कुछ भी उन्होंने अपने शिष्यों और कलीसिया के माध्यम से उन पर प्रकट किया था, उसके द्वारा आया था, न कि अन्य माध्यमों जैसे कि ईश्वर की व्यवस्था और आज्ञाओं के पालन के माध्यम से, जैसा कि यहूदी पृष्ठभूमि से आए कुछ धर्मांतरित लोगों ने, विशेष रूप से फरीसी और व्यवस्था समूह के शिक्षकों ने दावा किया था और वे शेष कलीसिया और ईसाई विश्वासियों पर यहूदी रीति-रिवाजों और तरीकों को लागू करना चाहते थे।

# ऐसे ही दाद कैसे दे दें

आज जैसे ही तोताराम आया, हमने कहा- तोताराम, अर्ज किया है । बोला- मुझे नहीं चाहिए तेरी चाय । बस, शांति से दो मिनट बैठ लेने दे । हमने कहा- तू तो ऐसे घबराया हुआ है जैसे तेरे पीछे ईडी वाले पड़े हुए हैं या किसी ने देशद्रोह की एफआईआर दर्ज करवा दी है । बोला- वह भी हो जाएगी । दिल अभी पूरी तरह टूटा नहीं है, दोस्तों की मेहरबानी चाहिए । हमने तोताराम को पानी का गिलास दिया और प्रेम से पीठ पर हाथ रखकर पूछा- हुआ क्या ? साफ-साफ बता । बोला- मोहल्ले के पाँच-सात देशभक्त पीछे पड़ गए थे। कह रहे थे पाकिस्तान पर विजय प्राप्ति और कराची, इस्लामाबाद, लाहौर आदि पर कब्जा कर लिए जाने के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा निकालेंगे । अब ऐसे में जिनको यात्रा का लाभ मिलना होगा मिलेगा लेकिन मेरी तो लू से सद्गति तय है । उनसे पीछा छुड़ाकर यहाँ आया तो तू अपने मन की बात लेकर मेरी छाती पर चढ़ गया ।

हमने कहा- बड़ा आध्यात्मिक शेर है । आत्मा को शांति मिलेगी । बोला- आत्मा की शांति तो बाद की बात है शेह्लर नाम सुनते ही मेरी कुटाई जरूर हो जाएगी । यदि सुनाए बिना नहीं रह सकता तो कोई हिन्दू दोहा, मंत्र, ऋचा, आरती, हनुमान चालीसा या सुंदरकांड भले ही सुना दे लेकिन यह मुसलमान शेह्लर नहीं सुनना । शेह्लर गजल, रुबाई, नज्म सब आतंकवादी होते हैं । इनमें कहीं कुछ अध्यात्म नहीं होता हमने कहा- साहित्य और भाषा क्या कोई हिन्दू मुसलमान होते हैं, पशु-पक्षी, पेड़-पौधे किसी जाति-धरम के होते हैं ? ये सब बदमाशियाँ हैं, देश को तोड़कर घटिया राजनीति करने वालों का काम है । तू सुन तो सही-

तुम मेरे पास होते हो गोया जब कोई दूसरा नहीं होता अब बता, कैसा लगा ? बोला- हाँ ठीकठाक है लेकिन राय तब दूंगा जब शायर का नाम बताएगा । हमने कहा- यह मोमिन खां मोमिन का है ।

बोला- मेरा अनुमान बिल्कुल ठीक था । इसमें आत्मा-परमात्मा कुछ नहीं है । यह सब कोई षड्यन्त्र है । जब कोई आसपास नहीं होता तब शायर किसी से अकेले में मिलना चाहता । अकेले में या तो कोई बड़ा ठेका हथियाने का चक्कर है या कोई भ्रष्टाचार के बदले चन्दा या इलेक्ट्रॉल बॉण्ड का मामला लगता है । या फिर अकेले में आतंकवादी गतिविधि को अंजाम देने का इरादा है । हमने कहा- तोताराम, ऐसा नहीं सोचते । तुझे पता होना चाहिए कि जब देश स्वतंत्र हुआ तब अंग्रेजों के खुशामदी सभी राजाओं के पास उनके किले, सभी संपत्तियाँ और हीरे-जवाहरात रहे और आज भी वे सरकारों में मंत्री बने बैठे हैं और मौज कर रहे हैं । लेकिन अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का नेतृत्व करने वाले बहादुर शाह जफर के पास लाल किला नहीं रहा । उसे वतन से दूर मांडले जेल में तिल तिल कर मरना पड़ा था । वे भी अगर अंग्रेजों के खुशामदी होते तो लाल किला उनके किसी वंशज के पास होता । जहाँ कोई होटल होता और शादियों और हल्दी सेरेमनी के इवेंट हुआ करते । और मोदी जी तिरंगा कहीं और फहराते होते ।

**एडिट.नोट**

बोला- मैं नहीं मानता । क्या मध्यप्रदेश के भाजपा के मंत्री विजय शाह झूठ कहते हैं ?कोई तो कारण होगा कि उन्हें सोफिया में पाकिस्तान की बहिन नजर आई । अगर ऐसा होता तो अब तक उनका तीया-पाँचा कर दिया गया होता लेकिन नहीं । देख लेना कभी न कभी उन्हें इस हिन्दू भक्तिपूर्ण और मुसलमान विरोधी काम के लिए गोली मारो वाले अनुराग ठाकुर की तरह पुरस्कृत भी कर दिया जाएगा । ऐसे ही कर्नाटक में भाजपा के एक एमएलसी रविकुमार ने आई ए एस अधिकारी फौजिया तरन्नुम को पाकिस्तानी कह दिया । इसलिए मैं इस शेह्लर की तारीफ नहीं कर सकता। हमने कहा- क्या बताएं तोताराम, नेताओं की बात छोड़, अगर किसी देश में एक अध्यापक भी अगर इस तरह सोचता है तो भविष्य बहुत अंधकारपूर्ण है ।

बस, देश की बहादुर बेटी,कर्नल सोफिया कुरैशी के दो वाक्य सुन ले । इसके बाद हमें कुछ नहीं कहना । मैं मुसलमान हूँ लेकिन पाकिस्तानी नहीं । मैं मुसलमान हूँ लेकिन आतंकवादी नहीं । और लगे हाथ राहत इन्दौरी- सभी का खून है शामिल यहाँ की मिट्टी में किसी के बाप का हिंदोस्तान थोड़े है ।

आरती जेरथ - लेखक

# बिहार चुनावों पर कड़ी नजर रखने जा रहे हैं विपक्षी दल

राहुल गांधी ने पिछले साल के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को ह्यफिक्सह्ल बताकर राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। उस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने महा विकास अघाड़ी पर भारी जीत दर्ज कर सबको चौंका दिया था। शरद पवार की एनसीपी का तो उनके गढ़ पश्चिमी महाराष्ट्र में लगभग सफाया ही हो गया था, वहीं कांग्रेस 16 सीटों पर सिमटकर रह गई थी। राहुल ने कहा कि यह ह्यछोटे स्तर की धोखाधड़ी नहीं थी, यह हमारे राष्ट्रीय संस्थानों पर कब्जा करने वाली औद्योगिक पैमाने की धांधली थी। उन्होंने पांच बिंदुओं में बताया कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर परिणामों की पटकथा लिखी थी।

भाजपा और उसके सहयोगियों ने उलटे राहुल पर आरोप लगाते हुए बयानों और ट्वीट्स की बौछार कर दी। महाराष्ट्र के भाजपा के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी के लेख पर एक जवाबी लेख लिखकर अद्भुत कौशल का परिचय दिया। वहीं चुनाव आयोग ने राहुल के दावों को बेतुका बताकर खारिज कर दिया, हालांकि उनके आरोपों का बिंदुवार खंडन करने से इनकार कर दिया। आयोग ने कहा कि वह ऐसा तभी करेगा, जब कांग्रेस नेता आयोग के पास आकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराएंगे। महाराष्ट्र चुनाव समाप्त हो चुके हैं और अब औपचारिक शिकायत का कोई मतलब नहीं है। चुनाव आयोग यह बात जानता है। लेकिन राहुल के आरोपों की चुनाव आयोग द्वारा जांच से भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के उसके सहयोगी दल भविष्य के चुनावों में हार से बचने के लिए क्या सावधानी बरतेंगे। कहते हैं जो पहले से ही चौकन्ना होता है, वो कम गलतियां करता है। तो क्या राहुल और उनके सहयोगी चुनाव प्रक्रिया की बारीकी से जांच करेंगे, ताकि सभी को समान अवसर मिल सकें?

क्या उनके पास मतदाता सूची से लेकर उन निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान करने जहां वे कमजोर हालत में हैं, ईवीएम की सुरक्षा के लिए 24 घंटे नजर रखने और मतगणना प्रक्रिया की निगरानी करने की दृढ़ता, कठोरता और कार्यकताओं की संख्या है? यह महत्वपूर्ण है कि राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनावों में धांधली सम्बंधी आरोप लगाने के बाद एक ट्वीट करते हुए आशंका व्यक्त की थी कि बिहार में होने जा रहे आगामी विधानसभा चुनावों में भी कुछ ऐसा ही हो सकता है। यह भी दिलचस्प है कि उन्हें एक अप्रत्याशित नेता से समर्थन मिला। चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर- जिनकी नवगठित जन सुराज पार्टी बिहार में अपना पहला चुनाव लड़ रही है- ने कहा कि राहुल के तर्कों में दम है। पीके का हस्तक्षेप इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वे 2014 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार थे। यह उभरता हुआ परिदृश्य बिहार के चुनावों को एक नया मोड़ देने वाला हो सकता है। पीके के समर्थन से उत्साहित राहुल की आक्रामक मुद्रा बताती है कि चुनाव आयोग की गतिविधियों की कड़ी निगरानी की जाएगी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, राहुल की टीम इन दिनों बिहार में ही है और पूरे चुनाव के दौरान वहीं रहेगी।

वह तेजस्वी यादव के राजद कार्यकताओं के साथ मिलकर बिहार के निर्वाचन क्षेत्र-दर-निर्वाचन क्षेत्र, मतदान केंद्र-दर-मतदान केंद्र, मतदाता सूची-दर-मतदाता सूची का खाका तैयार कर रही है। प्रशांत किशोर की टीम तो इस तरह के विस्तृत चुनाव प्रबंधन में पहले से ही अनुभवी है। अगर महाराष्ट्र की तरह बिहार चुनाव परिणामों को लेकर भी सवाल उठते हैं तो चुनाव आयोग को प्रमाणों के साथ अपना बचाव करना होगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मई 2024 में हुए लोकसभा चुनाव और उसके महज पांच महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव के बीच महाराष्ट्र के मतदाताओं की संख्या में एक अजीबोगरीब उछाल आया था। दो लोकसभा चुनावों के बीच के पांच वर्षों में जहां यह संख्या 31 लाख बढ़ी थी, वहीं लोकसभा-विधानसभा चुनाव के पांच महीनों के अंतराल में यह 41 लाख बढ़ गई। राहुल ने चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदान के आंकड़ों पर भी संदेह जताया। उन्होंने कहा कि शाम 5 बजे के बाद से मतदान में अचानक उछाल आया था। मतदान केंद्रों के वीडियो फुटेज साझा करने की मांग की गई तो इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के लिए नियमों में संशोधन कर दिया गया। महाराष्ट्र के बारे में तो अब ज्यादा कुछ नहीं हो सकता। लेकिन लग रहा है बिहार चुनाव बहुत तनावपूर्ण होगा और चुनाव आयोग के हर कदम पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

## बिजनेस

# म्यूचुअल फंड में झोकमझोंक पैसा, भारतीयों ने चेंज किया ट्रेंड, एक्सपर्ट ने किया आगाह

**नई दिल्ली:** भारतीय वित्तीय बाजार में एक बड़ा बदलाव आया है। अनुभवी बैंकर उदय कोटक ने इस पर अपनी राय जाहिर की है। लोग अब बचत के बजाय वित्तीय बाजारों में निवेश कर रहे हैं। कोटक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'भारत का बचतकर्ता अब निवेशक बन रहा है।' उन्होंने बताया कि म्यूचुअल फंड में लोगों का पैसा बढ़ रहा है। खासकर इक्विटी में। यह बैंकों में जमा पैसे का 31% हो गया है। कोटक ने इसे वित्तीय व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव बताया है। इससे देश में निवेश के लिए पूंजी बढ़ रही है। इक्विटी में लोगों की रुचि बढ़ी है। हालांकि, उन्होंने लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है। उदय कोटक ने कहा है, 'हमें अत्यधिक उत्साह से सावधान रहना चाहिए।'

कोटक के विचारों को फ्रैंकलिन टेम्पलटन की एक रिपोर्ट, फ्इक और अटत्र्क्ष के आंकड़ों से समर्थन मिलता है। आंकड़ों से पता चलता है कि म्यूचुअल फंड में जमा पैसे का अनुपात बैंकों में जमा पैसे के मुकाबले धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2014-15 में यह 13% था, जो वित्त वर्ष 2016-17 में 16% हो गया। 2020-21 में यह तेजी से बढ़ा और 21% तक पहुंच गया। बाद में 2023-24 में यह 26% और 2024-25 में 29% हो गया। मई 2025 तक म्यूचुअल फंड में जमा पैसा कुल बैंक जमा का 31% है।

जानकारों का कहना है कि यह बदलाव लोगों में जागरूकता बढ़ने, डिजिटल पहुंच बढ़ने और इक्विटी से ज्यादा फायदा मिलने के कारण हो रहा है। यह दिखाता है कि भारतीय परिवार अब अपनी संपत्ति को बाजार में निवेश कर रहे हैं।भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग ने पिछले दस सालों में अवट में 20% की दर से बढ़ोतरी की है। यह अमेरिका में देखी गई 8% की ग्रोथ से कहीं ज्यादा है। उद्योग का अवट मई 2025 तक 72.2 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले एक साल में ही इसमें 13.3 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।म्यूचुअल फंड विदेशी निवेशकों (ऋ्रढक) के कारण होने वाले उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद कर रहे हैं। पिछले एक साल में घरेलू संस्थागत निवेशकों (ऊकक) ने 6 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया, जबकि ऋ्रढक ने 3.1 लाख करोड़ रुपये निकाले। इससे पता चलता है कि म्यूचुअल फंड विदेशी निवेश में होने वाले उतार-चढ़ाव को संभालने में सक्षम हैं।

म्यूचुअल फंड में निवेशकों की रुचि भारत के बड़े शहरों से आगे बढ़ी है। इ15 शहरों का योगदान मार्च 2020 में 25% था, जो मार्च 2025 तक बढ़कर 35% हो गया। इसी तरह, इ30 शहरों का योगदान दिसंबर 2020 में 16% था। यह मई 2025 में बढ़कर 18% हो गया। मई 2025 में निवेशकों की कुल संख्या 5.49 करोड़ तक पहुंच गई। यह इक्विटी से जुड़े उत्पादों में लोगों की रुचि को दशार्ता है।पिछले एक साल में उद्योग ने 89 लाख नए निवेशकों को जोड़ा है। जबकि पिछले साल यह संख्या 78 लाख थी। पिछले 12 महीनों में सेक्टोरल और थीमैटिक फंड की सबसे ज्यादा बिक्री हुई है। मई 2025 में ज्यादातर इक्विटी श्रेणियों में सकारात्मक निवेश हुआ, जो इक्विटी से जुड़े उत्पादों में निवेशकों की रुचि को दशार्ता है।उदय कोटक ने इस बदलाव को 'वित्तीय व्यवस्था में एक संरचनात्मक परिवर्तन' बताया है।

**राज-काज**

### शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी का अनुमान

**मुंबई।** इस सप्ताह 100 से ज्यादा कंपनियां अपने मार्च 2025 तिमाही यानी चौथी तिमाही के नतीजे जारी करेंगी। टेक्नोलॉजीज, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, ररक लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, टेक महिंद्रा और मारुति सुजुकी जैसी बड़ी कंपनियों के भी रिजल्ट्स आएंगे। बाजार की यूरोपियन यूनियन और चीन के साथ अमेरिका की ट्रेड वार्ता पर कड़ी नजर रहेगी। अमेरिका ने चीन को छोड़कर सभी ट्रेड पार्टनर्स के लिए टैरिफ रेट के इम्प्लिमेंटेशन को 90 दिनों तक रोक दिया है। पिछले हफ्ते अमेरिका ने चीन के प्रोडक्ट्स पर 245% टैरिफ की घोषणा की, जिससे दोनों देशों के बीच ट्रेड टैरिफ वॉर बढ़ गई। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों की-पार्टनर्स के साथ समझौते पर पहुंचने की बात कही है। इस बीच पिछले हफ्ते भारतीय इक्विटी में निवेशकों की भावना इस उम्मीद से बढ़ी कि अमेरिका-चीन व्यापार विवाद भारत को नुकसान नहीं।

# भारत में यूएई और सऊदी अरब से अचानक क्यों आ रहा इतना पैसा, आखरि कौन भेज रहा है?

**नई दिल्ली:** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों ने वापस अपने वतन में पैसे भेजना बढ़ा दिया है। इसकी वजह है भारतीय रुपये की कीमत में गिरावट। रुपया एईडी (यूएई की मुद्रा) के मुकाबले कमजोर हो गया है। अब एक एईडी की कीमत लगभग 23.5 रुपये हो गई है। यह अप्रैल की शुरूआत के बाद सबसे कम है। गल्फ न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, रुपये की कीमत गिरने से ठफक्र(अनिवासी भारतीय) अपने घर पैसे भेजने के लिए जल्दी कर रहे हैं।

गुरुवार 19 जून से अएऊ-क्लठफके लेनदेन में तेजी देखी जा रही है। करेंसी एक्सचेंज हाउस के अधिकारियों का कहना है कि एनआरआई अब और गिरावट का इंतजार नहीं कर रहे हैं। जिनके पास भी थोड़े पैसे हैं, वे तुरंत भेज रहे हैं। यूएई के एक एक्सचेंज हाउस के बड़े अधिकारी ने गल्फ न्यूज को बताया, 'पिछला गुरुवार अएऊ-क्लठफमें पैसे भेजने के लिए हाल के हफ्तों में सबसे अच्छा दिन था।' उन्होंने यह भी कहा कि रुपया भले ही थोड़ी देर के लिए 23.46 तक मजबूत हुआ था। लेकिन, ज्यादातर एनआरआई ने पैसे भेजना जारी रखा।आमतौर पर जून में पैसे भेजने की मात्रा कम हो जाती है। कारण है कि कई भारतीय लोगों को गर्मी की छुट्टियों में यात्रा और दूसरे खर्च होते हैं। लेकिन, इस बार रुपये की कीमत में गिरावट की वजह से यह पैटर्न बदल गया है। वीकेंड में भी पैसे भेजने की मात्रा स्थिर रही और सोमवार तक मजबूत रहने की उम्मीद है।एक्सचेंज हाउस के अधिकारियों का कहना है कि अगर रुपया कमजोर रहता है या जुलाई में और गिरता है तो पैसे भेजने वालों को फायदा होगा। एक अधिकारी ने कहा, 'अगर दरें इसी स्तर पर बनी रहती हैं या फिर से गिरती हैं तो यह दोहरा फायदा होगा।'यह तेजी भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद आई है। इसमें इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष भी शामिल है। आमतौर पर ऐसी घटनाओं से निवेशक सुरक्षित ठिकाने के तौर पर अमेरिकी डॉलर की ओर रुख करते हैं। लेकिन, इस बार सोने ने वह भूमिका निभाई है। जबकि डॉलर कमजोर बना हुआ है, जिससे रुपये को कुछ सहारा मिल रहा है।सरल शब्दों में कहें तो रुपये की कीमत में गिरावट ठफक्र के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। वे कम अएऊदेकर ज्यादा रुपये भारत भेज पा रहे हैं। इसलिए वे इस मौके का फायदा उठा रहे हैं और ज्यादा से ज्यादा पैसे अपने घर भेज रहे हैं। भले ही दुनिया में कुछ तनाव चल रहा है, लेकिन रुपये की कमजोरी ने ठफक्रको पैसे भेजने के लिए प्रोत्साहित किया है।

# कर्मचारी को सैलरी में मिले 14 करोड़ रुपये तो उसके उड़े होश

**नई दिल्ली:** दफ्तर में कभी-कभी ऐसा होता है। किसी व्यक्ति या मशीन की भूल से किसी कर्मचारी को वेतन के मद में बहुत ज्यादा पैसे मिल जाते हैं। ऐसी स्थिति में कर्मचारी या तो पैसे रख लेता है या उसके बारे में दफ्तर को सूचित करता है। अमेरिका में मिशिगन के वेन काउंटी में ऐसी ही एक अजीब घटना हुई। एक कर्मचारी को गलती से बहुत ज्यादा पैसे मिल गए। यह गलती स्त्रं८१ङ्ग'' विभाग से हुई थी। कर्मचारी ने इसकी सूचना दफ्तर को दी। बाद में जिम्मेदार कर्मचारी की नौकरी चली गई।

यह घटना बीते मई महीने की है। उस महीने में एक कर्मचारी को $1.6 मिलियन का चेक मिला। भारतीय रुपये में ये लगभग 14 करोड़ बैठता है। हे चैनल 7 की रिपोर्ट के अनुसार, ये गलती एक २४स्त्री१५्र२ङ्ग१ की वजह से हुई। असल में, कर्मचारी को तनख्वाह में बढ़ोतरी मिली थी। उसके २४स्त्री१५्र२ङ्ग१ जब कंप्यूटर में जानकारी डाल रहा था, तो उसने गलती से कर्मचारी क्ऌ नंबर को ँङ्ग४१'८ १'३ी की जगह लिख दिया। इस वजह से इतना बड़ा पेमेंट हो गया।अच्छी बात ये रही कि कर्मचारी ईमानदार था। उसे जैसे ही वेतन के मद में इतने पैसे मिले, उसके होश उड़ गए। पहले तो उसने सोचा कि वेतन में बढ़ोतरी हुई है। लेकिन बाद में उसे लगा कि इसमें कोई गड़बड़ है। फिर उसने अगले ही दिन अपने २४स्त्री१५्र२ङ्ग१ को इस बारे में बताया। कर्मचारी पिछले 20 सालों से काउंटी में काम कर रहा है।लेकिन इस घटना के बाद कुछ लोगों पर गाज गिरी। गलती के लिए जिम्मेदार दो कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। एक तीसरे कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि सिस्टम में कई ूँ'२ होने चाहिए थे, ताकि ये गलती पकड़ी जा सके।

काउंटी के एं७ीू४३५ी हं११ील्ल एं५ल्लर२ ने कहा, ₹इस घटना का कोई बहाना नहीं है, ऐसा नहीं होना चाहिए था। लेकिन होते-होते बच गया।₹ये पहली बार नहीं है जब वेन काउंटी के नए स्त्रं८१ङ्ग'' सिस्टम में गड़बड़ हुई है। इस सिस्टम को ड१ूँ'ी कंपनी के २ङ्ग३६१ी से तैयार किया गया है और इसे पिछले साल ही शुरू किया गया था। अगस्त में, सैकड़ों २ॅ१ा के कर्मचारियों को कम पैसे मिले थे। कुछ को तो लगभग पूरी तनख्वाह ही नहीं मिली थी। कर्मचारियों का कहना है कि कई लोगों को अभी तक नए सिस्टम की पूरी ट्रेनिंग नहीं मिली है। इसी वजह से ऐसी गलतियां हो रही हैं।

काउंटी कमीशन की ॅं१६ङ्गेल्ल अ'२ँ ॅी'' ने पुराने सभी स्त्रंटील्ल३२ की जांच करने को कहा है। उनका कहना है कि छोटी गलतियां शायद किसी को पता न चलें।




पश्चिम बंगाल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (डब्ल्यूबीएसआरएलएम) के श्रमिक कोलकाता में नियुक्ति पत्र और सरकारी कर्मचारी के रूप में मान्यता की मांग को लेकर विरोध मार्च में भाग लेते हुए।

विश्व संगीत दिवस पर फ्रेंच सिंगर डेविड वाल्टर्स ने किया परफॉर्म

# जनजातीय संग्रहालय में दो देशों के संगीत का संगम

संवाददाता ● भोपाल

आयोजन

संगीत की कोई भाषा नहीं होती, यह आत्मा की वह अभिव्यक्ति है जो बिना शब्दों के भी दिल को छू जाती है। विश्व संगीत दिवस के अवसर पर शनिवार शाम मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जहां भारतीय शास्त्रीयता और फ्रेंच कैरेबियाई ऊर्जा ने सुरों के माध्यम से श्रोताओं को एक सुरीली अनुभूति दी। मप्र शासन संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 'संगीत संध्या' में दो बेहतरीन प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर संस्कृति संचालक एन.पी. नामदेव, उप-संचालक डॉ. पूजा शुक्ला, संग्रहाध्यक्ष अशोक मिश्रा, आलियांज फ्रांसिस की निदेशक इनग्रीड ल गार्गासोन, उप-निदेशक रीता गोहाडे और अध्यक्ष अखिलेश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### डेविड वाल्टर्स ने इंडो-फ्रेंच म्यूजिक का प्रदर्शन

पहली प्रस्तुति सुप्रसिद्ध फ्रांसीसी-कैरेबियाई संगीतकार डेविड वाल्टर्स और उनके बैंड की रही, जिन्होंने अपने नए एल्बम 'सोल ट्रॉपिकल' के गीतों को प्रस्तुत कर माहौल में जोश भर दिया। 'ला वी अ बेल', 'जोडीया', 'डी यो', 'गिम्मे लव', 'नाइट इन माडिनिना', 'डोंट यू' जैसे गीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी टीम में ड्रम्स पर एंडी लॉइक बेराल्ड काटेलो और की-बोर्ड पर जेवियर यान बेलिन ने उनका साथ निभाया। करीब डेढ़ घंटे चली इस प्रस्तुति के दौरान वाल्टर्स ने अपनी कैरेबियाई विरासत, आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक धुनों और भारतीय संगीत की आत्मा को एक साथ पिरोया।




### डॉ. रीता देव ने वर्षा ऋतु को सुरों में सजाया

दूसरी प्रस्तुति में पद्मविभूषण विदुषी डॉ. गिरिजा देवी की शिष्या डॉ. रीता देव ने राग मेघ मल्हार में विलंबित एक ताल की बंदिश 'जिया मोरा डर लागे...' से शुरुआत की। फिर द्रुत तीन ताल में 'गगन गरज चमकत दामिनी...' गाकर श्रोताओं को मानसून की अनुभूति करा दी। इसके बाद उन्होंने राग मिश्र तिलक कामोद में ठुमरी 'अबकी सावन घर आजा...' प्रस्तुत की और कजरी 'घिर घिर आई सावन की बदरिया...' के साथ संध्या को विराम दिया। तबले पर हितेंद्र दीक्षित, हारमोनियम पर रचना शर्मा, तानपुरे पर आभा जैन और भारती सोनी ने सधी संगत से गायन को समृद्ध किया।

## शॉर्ट न्यूज

### ग्वालियर में फॉर्च्यून प्लाजा के बेसमेंट में आग

**ग्वालियर।** ग्वालियर के सिटी सेंटर स्थित फॉर्च्यून प्लाजा की बेसमेंट पार्किंग में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। यह घटना सुबह करीब 4 बजे की है। आग लगने की सूचना मिलते ही पांच मिनट के भीतर दमकल दस्ता मौके पर पहुंच गया। करीब पांच फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग में 25 से ज्यादा डिलीवरी बॉय की बाइक और एक जनरेटर जलकर खाक हो गए। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि यह ई-बाइक के चार्जिंग सिस्टम की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट या जनरेटर में खराबी के कारण लगी हो सकती है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। फॉर्च्यून प्लाजा, एसएसपी ऑफिस के पास स्थित एक व्यावसायिक इमारत है। बिल्डिंग के मालिक श्याम सिंह यादव ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी कि बेसमेंट में भीषण आग लगी है।

### रिश्तेदार ने बनाई फर्जी सोशल मीडिया आईडी

**ग्वालियर।** देहात में एक युवक ने अपने ही रिश्तेदार पर इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर अश्लील फोटो अपलोड करने का आरोप लगाया है। युवक का कहना है कि आरोपी ने आपसी मनमुटाव का बदला लेने के लिए यह हरकत की। शिकायत मिलने पर साइबर सेल ने जांच की तो पता चला कि पोस्ट करने वाला युवक, पीड़ित का रिश्तेदार ही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ग्वालियर के डबरा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार की भद्दी और गंदी तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई। क्राइम ब्रांच ने मामले की जांच शुरू की, जिसमें पता चला कि आरोपी निशु मुद्गल पुत्र संतोष मुद्गल ने फर्जी आईडी बनाकर युवक और उसके भाई-बहनों की आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड की थीं।

### मेवाती बाबा मंदिर से 60 घंटे चोरी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक बार फिर अज्ञात चोरों ने मेवाती बाबा के मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर मंदिर में टांगे गए 1 किलो से लेकर 10 किलो तक के लगभग 60 घंटे चुराकर ले गए। जब मंदिर का पुजारी चित्रकूट यात्रा से वापस लौटा, तब चोरी का पता चला। घटना बेहट थाना क्षेत्र के अरोरा गांव की है। बीते दिनों उटीला थाना पुलिस ने 'घंटा चोर गैंग' का खुलासा कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था और पुलिस को शक है कि यही गैंग इस चोरी में भी शामिल हो सकती है। फिलहाल, पुलिस ने पुजारी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पकड़ी गई गैंग के सदस्यों से पूछताछ की जाएगी, ताकि मंदिर में हुई चोरी का सुराग लगाया जा सके। ग्वालियर देहात के बेहट थाना क्षेत्र के अरोरा गांव में मेवाती बाबा का मंदिर स्थित है। पुलिस ने इस गैंग के कब्जे से 10 मंदिरों से चुराए गए 275 किलो वजन के 49 घंटे, कटर सहित अन्य सामान बरामद किया था।

## मध्य प्रदेश में चार हजार पदों पर हुई नियुक्ति, 7,400 पदों पर जल्द होगी

संवाददाता ● इंदौर

प्रक्रिया

भोपाल। मध्य प्रदेश में रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से 11 हजार 400 पदों पर कर्मचारियों का चयन किया गया है। चार हजार पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है तो 7,400 पदों के लिए प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्यवेक्षक पद पर चयनित 650 प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाएगा।

प्रदेश में पिछले एक साल से एक लाख से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया चल रही है। सभी विभागों द्वारा कर्मचारी चयन मंडल और राज्य लोक सेवा आयोग को प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। उधर, जिन पदों के लिए प्रक्रिया हो गई थी, अब उन पर नियुक्ति की जा रही है।

दक्षता बढ़ाने की दिशा में काम मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 3,756 पदों पर पदस्थापना की जा चुकी है। विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया कर शासकीय कार्यालयों में क्षमता एवं दक्षता बढ़ाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। साथ ही कर्मचारियों और अधिकारियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों का निराकरण भी किया जा रहा है।




अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी किस पेंशन योजना में रहना चाहते हैं, यह उन्हें तीन माह के भीतर तय करना होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों, कलेक्टरों और कमिश्नरों को निर्देश दिए हैं कि एक अप्रैल 2025 तक राष्ट्रीय पेंशन योजना में शामिल अधिकारियों को एकीकृत पेंशन योजना के विकल्प की सुविधा दी गई है।

यदि वे नई पेंशन योजना में आना चाहते हैं तो उन्हें तीन माह के भीतर निर्णय लेना होगा। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव कार्मिक एम सेलवेंद्रम ने बताया कि भारत सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए एक अप्रैल 2025 से एकीकृत पेंशन योजना लागू की है। राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय कर्मचारियों-अधिकारियों या एक अप्रैल 2025 के बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले एकीकृत पेंशन योजना का विकल्प चुनने के लिए पात्र हैं। इन्हें तीन माह के भीतर विकल्प चुनना होगा। एक बार विकल्प चुनने के बाद परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने सभी जिला आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से कहा गया है कि वे अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों से समय सीमा के भीतर विकल्प चयन सुनिश्चित करें।

## मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में खड़े होकर टीचर लेंगे सेल्फी, तभी लगेगी उनकी हाजिरी

**भोपाल।** मास्टर साहब अब बिना स्कूल जाए हाजिरी नहीं लगा पाएंगे। उन्हें स्कूल में मुंह दिखाना ही होगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने ई-गवर्नेंस के तहत 'हमारे शिक्षक' प्रणाली शुरू की है। शिक्षकों को अब स्कूल पहुंचकर अपनी सेल्फी लेकर इस सिस्टम पर अपलोड करना होगा। इस सेल्फी के साथ उनकी लोकेशन भी पोर्टल में दर्ज हो जाएगी। स्कूल का समय खत्म के बाद भी इसी तरह दोबारा उपस्थिति दर्ज करानी होगी। दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग ने एक जुलाई से हाजिरी का यह नया नियम अनिवार्य कर दिया है। यह प्रणाली शिक्षा पोर्टल 3.0 पर उपलब्ध रहेगी। प्रत्येक शिक्षक के मोबाइल पर इस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज होगी। शिक्षकों को प्रतिदिन स्कूल के निर्धारित समय के एक घंटे बाद तक उपस्थिति दर्ज करानी होगी। स्कूल बंद होने के समय से आधा घंटा पहले से आधा घंटा बाद तक स्कूल से वापसी की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। निर्धारित समय सीमा के बाद उपस्थिति दर्ज करने पर आधा दिन का आकस्मिक अवकाश दर्ज किया जाएगा। शिक्षकों को 13 आकस्मिक अवकाश व तीन ऐच्छिक अवकाश से समायोजन किया जा सकेगा। 23 जून से 30 जून तक इसका प्रायोगिक परीक्षण शुरू हो रहा है। इसके बाद 1 जुलाई से इससे उपस्थिति अनिवार्य होगी। इससे जो शिक्षक अपने स्थान पर दूसरों को पढ़ाने भेजते हैं या अनुपस्थित रहते हैं, उस पर लगाम लग सकेगी। नए निर्देशों के मुताबिक इसकी निगरानी जिला शिक्षा अधिकारी करेंगे। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर सवाल खड़े होते रहते हैं। पिछले दिनों सागर, नर्मदापुरम सहित कई जिलों में ऐसे शिक्षक पकड़े गए, जो अपनी जगह पर दूसरों से पढ़ाई करवा रहे थे। वहीं कुछ शिक्षक स्कूलों के निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते हैं।

ग्वालियर-चंबल में भी हैवी रेन का अलर्ट

## महाकाल मंदिर परिसर में छत से पानी का रिसाव



संवाददाता ● भोपाल

मानसूनी बारिश से पूरा मध्यप्रदेश तरबतर हो गया है। उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में पालकी हॉल से एम्बुलेंस गेट तक निर्मित टनल परिसर की छत का पीओपी रविवार सुबह 8 बजे अचानक गिर गया। कुछ दिन से टनल परिसर की छत से पानी का रिसाव हो रहा था, जिससे पीओपी ने छत छोड़ दी।

भोपाल में रविवार सुबह कई इलाकों में बारिश हुई। कुछ देर थमने के बाद दोपहर 12 बजे के बाद फिर पानी गिरने लगा। ग्वालियर और नर्मदापुरम में भी बारिश का दौर जारी है। आज ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के 17 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इंदौर, उज्जैन-जबलपुर में भी पानी गिरेगा।

पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश में 20 से अधिक जिलों में आंधी-बारिश का दौर जारी रहा। टीकमगढ़ में सबसे ज्यादा 8.6 इंच पानी गिर गया। वहीं, सतना में 3.1 डिग्री, सतना में 3.1 डिग्री, दमोह में 2.5 डिग्री, सीधी में 2.1 डिग्री, रतलाम में 1.5 डिग्री, गुना में 1.1 डिग्री और जबलपुर में 1 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई।

### 24 घंटे में 8 इंच पानी गिरने की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी और पन्ना में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। 24 घंटे में 8 इंच तक पानी गिर सकता है। भिंड, दतिया, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, सतना, रीवा, मऊगंज में भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी रहेगा। बारिश के ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो साल 1980 में यहां जून महीने में 17 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक 5 इंच बारिश का रिकॉर्ड 23 जून 2003 को बना था। 3 जून 1991 में इंदौर में दिन का पारा 45.8 डिग्री तक पहुंच चुका है। वहीं, 12 जून 1958 को न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। राजधानी में जून महीने में तेज गर्मी और बारिश दोनों का ही ट्रेंड है। पिछले 10 साल में 15 जून से पहले तेज गर्मी का असर रहा। 4 साल तो टेम्प्रेचर 45 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं, रात का टेम्प्रेचर 17.4 डिग्री तक आ गया। साल 2020 में सबसे ज्यादा 16 इंच बारिश हुई थी। वहीं, पिछले साल 2024 में पूरे महीने 10.9 इंच पानी गिरा था। 10 साल में दूसरी बार इतनी बारिश हुई थी। वहीं, 24 घंटे में करीब 5 इंच पानी बरसा था।

## तीन निर्माण एजेंसियों पर कार्रवाई करेगा पीडब्ल्यूडी

### अनूपपुर की दो और बुरहानपुर की एक सड़क के निर्माण में मिली गड़बड़ी

संवाददाता ● भोपाल

गड़बड़ी

लोक निर्माण विभाग की सड़कों का घटिया निर्माण करने और काम समय पर पूरा नहीं करने के मामले में अनूपपुर जिले में काम करने वाले, जो सड़क निर्माण एजेंसियों और बुरहानपुर की एक सड़क एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई होगी। लोक निर्माण विभाग के मंत्री ने इसके लिए विभाग के आला अफसरों को निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि सड़क निर्माण के साथ 500 लोक सरोवर बनाए जाएंगे। जिसके निर्माण का इंस्पेक्शन वे खुद करने जाएंगे।

लोक निर्माण विभाग की टीम द्वारा किए गए रैंडम इंस्पेक्शन में मुख्य अभियंताओं की सात टीमों ने बैतूल, बालाघाट, श्योपुर, बुरहानपुर, अनूपपुर, मंदसौर एवं दमोह जिलों में 35 कार्यों का निरीक्षण किया। इनमें 14 कार्य लोक निर्माण विभाग के सड़क और पुल, 11 कार्य पी.आई.यू. के भवन, 6 कार्य म.प्र. सड़क विकास निगम, 3 कार्य म.प्र. भवन विकास निगम एवं 1 कार्य एनएचएआई का था।



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निरीक्षण दलों से रिपोर्ट की समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख अभियंता (बी एण्ड आर) के.पी.एस राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) एसआर बघेल, प्रमुख अभियंता (भवन विकास निगम) अनिल श्रीवास्तव, तकनीकी सलाहकार आरके मेहरा, उपसचिव एआर सिंह सहित सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं निरीक्षण करने वाले अफसर मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान बालाघाट जिले के कुटुंब न्यायालय भवन कार्य को बहुत अच्छा पाया गया। जिसके लिए कार्यपालन यंत्री उदल सिंह उईके, अनुविभागीय अधिकारी आनंद राव बनसोर एवं उपयंत्री ममता धुर्वे की सराहना की गई। श्योपुर जिले में कराहल-सरई-बरगवां मार्ग के कार्य को अच्छा पाए जाने पर कार्यपालन यंत्री विष्णु अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी अंजली प्रजापति एवं उपयंत्री एमसी दंडोतिया की प्रशंसा की गई।

अनूपपुर जिले में अनूपपुर-दर्री खेरखा मार्ग का कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। जिस पर ठेकेदार मैसर्स गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड गुरुग्राम के विरुद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। बुरहानपुर जिले में सिवाल-केरपानी-अमूल्ला परेठा मार्ग में कार्य विलंब पाए जाने पर मैसर्स केजी गुप्ता इन्फ्रास्ट्रक्चर इंदौर के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अनूपपुर जिले में कमरोद-चटुआ-टंकीटोला मार्ग के कार्य पर मैसर्स सिद्धि विनायक बिल्डर्स एंड सप्लायर्स शहडोल के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश संबंधित मुख्य अभियंता को दिए गए हैं। मंत्री राकेश सिंह ने एक जुलाई को एक लाख पौधरोपण किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पौधों की सुरक्षा, रखरखाव एवं जियोटैग फोटोग्राफ्स अपलोड करने के निर्देश भी दिए।

19500 पद खाली, 10 दिन में करें आवेदन, जानिए किस संभाग में कितनी वैकेंसी

# एमपी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती

संवाददाता ● भोपाल

आवेदन

मध्यप्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग इसी साल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के 19,500 पदों पर भर्ती कर रहा है। इनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 2,027 और सहायिका के 17,477 पद शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इन पदों पर भर्ती के लिए 10 दिन के भीतर आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक आवेदकों को एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार किए गए चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। उधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्यवेक्षकों के पद पर नवचयनित 650 प्रतिभागियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों, किसान, गरीब, युवा, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 11 हजार 400 पदों पर कर्मचारियों का चयन किया गया है। इनमें से 4000 पदों पर पात्र उम्मीदवारों के चयन के बाद इनकी पोस्टिंग की प्रक्रिया भी हो चुकी है। शेष 7400 पदों के लिए यह प्रक्रिया अंतिम स्तर पर जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 3756 पदों पर भी पोस्टिंग की जा चुकी है।



### मंत्री निर्मला भूरिया के गृह जिले में सबसे ज्यादा पद


महिला और बाल विकास विभाग की मंत्री निर्मला भूरिया के गृह जिले झाबुआ में आंगनबाड़ी सहायिका के सबसे अधिक 890 पद रिक्त हैं। इसके बाद 839 पद अलीराजपुर में खाली हैं। जिस पर महिलाओं को नियुक्ति दी जाएगी। इसी तरह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सबसे अधिक पद 95 पद शिवपुरी जिले में और 66 पद सागर जिले में हैं।

### इन शर्तों के आधार पर ही आवेदन

विभाग द्वारा कहा गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले के पास हायर सेकेंडरी की शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य है। आवेदन सिर्फ ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। ऑफलाइन आवेदन मंजूर नहीं किए जाएंगे। विभाग के संचालनालय, संयुक्त संचालक कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, बाल विकास परियोजना अधिकार कार्यालय में कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए एक जनवरी 2025 की स्थिति में आयु 18 से 35 साल होनी चाहिए। जिस गांव या नगरीय क्षेत्र के वार्ड में पद भरा जाना है। आवेदन करने वाले का ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम में और शहरी या नगरीय क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है। अन्य ग्राम या वार्ड की महिला आवेदन के लिए पात्र नहीं होगी।

# खूबसूरत दिखने के लिए जैस्मीन भसीन ने करवाई लिप सर्जरी

## ट्रोल करने वालों को दिया करारा जवाब



पॉपुलर टेलीविजन एक्ट्रेस जैस्मीन भसीन इन दिनों करण जौहर के शो द ट्रैटर्स में नजर आ रही हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस ने अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था जिससे बाद से ये बात उठने लगी कि एक्ट्रेस ने लिप सर्जरी करवाई है। इसको लेकर उनकी काफी ज्यादा आलोचना भी की गई। जैस्मीन ने करवाई लिप सर्जरी अभिनेत्री ने क्लिप शेयर की थी उसमें वो अपनी बालकनी में इंतहा हो गई इंतजार की गाने पर लिप-सिंक करती नजर आईं। जैस्मीन ने अपनी खूबसूरती से तापमान बढ़ा दिया और अपने फैंस को कैप्शन में लिखकर यह बताया कि उनका जन्मदिन जल्द ही आने वाला है इसलिए वो इतनी खुश हैं। हालांकि, इसी पोस्ट पर एक बंदे ने कमेंट किया और आरोप लगाया कि उन्होंने अपने ऊपरी होंठ पर इंजेक्शन लगवाया है। अब जैस्मीन ने ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। गीता सुब्बा नाम के एक यूजर ने उनकी पोस्ट पर लिखा,'जैस्मिन ने अपर लिप्स में इंजेक्शन लगवाया है।' इस पर एक्ट्रेस ने हंसने वाले इमोजी के साथ जवाब दिया और लिखा,'इंजेक्शन नहीं फिल्टर'। इससे पहले भी एक इंटरव्यू में जैस्मीन इस बारे में बोल चुकी हैं। बॉलीवुड बबल के साथ इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, 'हर किसी का अपना शरीर, अपना चेहरा, अपनी जरूरतें होती हैं। जो कोई भी कुछ करवाना चाहता है, उसे ऐसा करने की आजादी होनी चाहिए। हाल ही में मेरा नाम भी इस विषय से जुड़ गया। मुझे इंस्टाग्राम पर मेरी एक तस्वीर और वीडियो के नीचे बहुत सारे मैसेजेस मिले, जिसमें कहा गया- जैस्मीन ने अपने लिप फिल कराए है लेकिन ऐसा कुछ नहीं था।' वर्कफ्रंट की बात करें तो जैस्मिन भसीन को आखिरी बार पंजाबी फिल्म बदनाम में जय रंधावा के साथ देखा गया था। उनकी रियलिटी सीरीज द ट्रैटर्स फिलहाल प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।




## रॉकस्टार के बाद लगा करियर खत्म

बॉलीवुड एक्ट्रेस नरगिस फाखरी उन चुनिंदा एक्ट्रेस में से एक हैं जिन्होंने विदेश से आकर फिल्म इंडस्ट्री में अपना नाम कमाया। एक्ट्रेस ने ये बताया कि अगर वे फिल्मों का हिस्सा ना बनतीं तो क्या करतीं। नरगिस ने अपने इंटरव्यू के दौरान अपने जीवन के अलग-अलग पहलुओं के बारे में बातें की। एक्ट्रेस से बॉलीवुड से बाहर की फिल्मों के बारे में काम करने को लेकर पूछा गया। एक्ट्रेस ने इसका जवाब देते हुए कहा- 'मैं अमेरिकन हूं, अगर एरेबिक फिल्म आएगी तो मैं करूंगी, अगर चाइनीज फिल्म आएगी तो भी मैं करूंगी। मैं अपनी तरफ से कोई भी अवसर नहीं गंवाऊंगी। क्योंकि एक दिन ऐसे ही सबकुछ खत्म हो जाना है। इसलिए मैं सबकुछ कर लेना चाहती हूं। एक्ट्रेस ने रॉकस्टार फिल्म के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि रॉकस्टार फिल्म करने के बाद मुझे नहीं लगा था कि मैं इंडस्ट्री में सर्वाइव कर पाऊंगी। लेकिन मैंने किया। मैं लकी थी कि मुझे इस दौरान डिशूम, मदरास कैफे जैसी फिल्मों में काम करने का मौका मिला। मुझे मौका मिलता गया और मैं काम करती गई। इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर नहीं था। मुझे समझ में नहीं आता था कि क्या करना है। इंडस्ट्री में मेरा कोई नहीं था और मुझे कोई भी गाइड करने के लिए नहीं था। लेकिन कोविड के बाद चीजें बदलीं। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने लोगों को नए अवसर दिए। मैं भी ओटीटी को एक्सप्लोर कर रही हूं। मैं स्पिरिचुअल हूं। मुझे हर रिलीजन के बारे में जानना अच्छा लगता है। मैं मेरी सेल्फ ग्रोथ को एंजॉय करती हूं। ये मुझे और एनर्जेटिक बनाता है। मैं रिलीजियस नहीं हूं मैं स्पिरिचुअल हूं। मैं इस धरती पर एक्सपीरियंस करने आई हूं। वर्क फ्रंट की बात करें तो नरगिस फाखरी हाल ही में आई अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आई हैं। वे हाउसफुल 4 का हिस्सा नहीं थीं लेकिन वे साल 2016 में आई फिल्म हाउसफुल 3 की कास्ट में शामिल थीं। फिलहाल एक्ट्रेस पवन कल्याण की फिल्म हरि हरा वीरा मल्लू में लीड एक्ट्रेस का रोल प्ले करती नजर आएंगी।

# किआरा आडवाणी के बिकिनी सीन को देखकर थिएटर में क्रेजी हो गए फैंस, वीडियो हुआ वायरल

यस राज फिल्म्स की वॉर 2 का टीजर ठीक एक महीने पहले 20 मई, 2025 को रिलीज किया गया था। इसे जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर रिलीज किया गया था, लेकिन ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं। अब, सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी ज्यादा वायरल हो रहा है। दरअसल किसी मूवी के दौरान वॉर 2 का टीजर सिनेमाघरों में चलाया जा रहा है। इस बीच जैसे ही कियारा का बिकिनी शॉट आता है, फैंस सिनेमाहॉल में हूटिंग करना शुरू कर देते हैं। कियारा के फैंस का ये क्रेजी रिएक्शन है और अभिनेत्री ने भी इस पर रिएक्ट किया है। कियारा के एक फैन ने इंस्टाग्राम पर इसका वीडियो शेयर किया है जिसे अभिनेत्री ने अपनी इंस्टा स्टोरी में दिल आंखों वाला इमोजी बनाकर शेयर किया है। टीजर में कियारा की सिर्फ दो छोटी सी झलकियां थीं, लेकिन फिर



भी उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। उनका बिकिनी लुक चर्चा का विषय बन गया था। टीजर शेयर करते हुए कियारा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा,'इसमें बहुत कुछ पहली बार हुआ है। पहली वाईआरएफ फिल्म। पहली एक्शन फिल्म। पहली बार इन दो बेहतरीन हीरो के साथ। अयान के साथ पहला कोलेबोरेशन और हां, पहला बिकिनी शॉट। वहीं कियारा जल्द ही मां बनने वाली हैं। कथित तौर पर, अभिनेत्री की ड्यू डेट इस साल जुलाई में है। हालांकि, इसके बारे में कोई पुष्टि नहीं हुई है। कुछ दिनों पहले,फादर्स डे पोस्ट में, कियारा ने अपने बेबी शॉवर की एक तस्वीर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ शेयर की थी जिसमें दोनों बेहद प्यारे लग रहे थे। वॉर 2 के अलावा कियारा के पास टॉक्सिक भी है, जिसमें यश मुख्य भूमिका में हैं। वॉर 2, 14 अगस्त 2025 को रिलीज होगी, जबकि टॉक्सिक अगले साल मार्च में बड़े पर्दे पर आएगी।

# हनीमून पर निकलीं हिना खान तलाश रहीं सुकून

टेलीविजन की मशहूर अदाकारा हिना खान इन दिनों अपने जीवन के एक नए और खूबसूरत अध्याय की शुरुआत कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने अपने लंबे समय से साथ रहे बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल से गुपचुप तरीके से शादी कर ली है। अब हिना अपनी नई जिंदगी के हर पल को पूरे दिल से जी रही हैं और फैंस के साथ अपनी खुशियां बांट रही हैं। शादी की खुशियों के बीच हिना ने सोशल मीडिया पर नई अपडेट साझा की है। एक्ट्रेस अपने पति के साथ शादी के 15 दिन बाद हनीमून पर निकल गई हैं और उन्होंने इसकी झलकियां भी इंस्टाग्राम पर दिखाई हैं। इन तस्वीरों में हिना खान काफी खुश लग रही हैं। उनकी ये हनीमून वेकेशन की तस्वीरें उनके भावुक पोस्ट के एक दिन बाद आई है। सामने आई तस्वीरों में वो फ्लाइट पर बैठकर हनीमून के लिए रवाना होती दिख रही हैं।



# मौनी राय की बेस्ट फ्रेंड बनी मिसेज जोनस

अमेरिकन डांसर और एक्ट्रेस लॉरेन गॉटलिब ने अपनी जिंदगी के नए चैप्टर की शुरुआत कर दी है। एक्ट्रेस ने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड के साथ इटली के टस्कनी में क्रिश्चन रीति-रिवाज के साथ शादी की। 11 जून को शादी के बंधन में बंधी लॉरेन ने कुछ समय पहले ही अपनी वेडिंग की फोटोज फैंस के लिए सोशल मीडिया पर शेयर की है। अपने वेडिंग आउटफिट में बेहद ही खूबसूरत लग रहीं लॉरेन ने बताया कि ये पल उनके लिए कितना मेमोरेबल था। उन्होंने अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए ये भी बताया कि उनके ब्वॉयफ्रेंड ने कब उन्हें वेडिंग के लिए प्रपोज किया था। एक्ट्रेस की शादी की तस्वीरें देखने के बाद फैंस और दोस्त भी उन्हें बधाई दे रहे हैं। लॉरेन के ब्वॉयफ्रेंड टोबियास जोनस ने साल 2024 में उन्हें कैरिबियन के खूबसूरत अरूबा ओशन विला में शादी के लिए प्रपोज किया था। एक्ट्रेस ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर वेडिंग फोटोज शेयर की हैं, जिसमें उन्होंने ऑफ शोल्डर सफेद रंग का डीप नेक वेडिंग ड्रेस पहना हुआ है। वहीं उनके पति टोबियास ने इस खास मौके के लिए ब्लैक और व्हाइट रंग का टक्सीडो पहना। बातचीत करते हुए लॉरेन ने बताया कि ये दिन उनके लिए कितना स्पेशल था। एबीसीडी 2 एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं अपनी शादी वाले दिन हर किसी के उठने से पहले ही उठ गई थी। जब मैं तैयार हुई तो मैं बहुत शांत थी। जब वह टाइम आया मैंने अपने सामने टोबियास को प्राडा में देखा। मैं खुद को बस यही कह रही थी, यहां पर हो रहे हर पल को याद रखना है। एक भी चीज भूलना नहीं'।



# ईशा गुप्ता बोलीं - 'हनी सिंह ने मेरा कमबैक करा दिया'

सिंगर, रैपर हनी सिंह के रिलीज हुए गाने में एक्ट्रेस ईशा गुप्ता नजर आई थी। ईशा के डांस की अब तक खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस गाने पर बात की। इसे अपने करियर के लिए काफी खास बताया। एक इवेंट में नजर आईं ईशा गुप्ता ने कहा वह मानती हैं कि हनी के गाने ने अब तक तहलका मचाया हुआ है। उनसे पूछा आपने तो हनी सिंह का कमबैक करवा दिया। इस पर ईशा कहती हैं कि अरे नहीं, ऐसा नहीं। बल्कि हनी सिंह ने मेरा कमबैक करवाया। खास बात ये हैं इसमें एक भोजपुरी सिंगर को भी रैपर ने गाने का मौका दिया था। भोजपुरी सिंगर ने जो लिरिक्स हनी के गाने में गाए हैं, वह भी काफी पसंद किए गए थे। यहां तक की यूपी, बिहार तक में हनी सिंह का गाना ऑडियंस को काफी पसंद आया था। ईशा के फिल्म करियर की बात करें तो वह इस साल तीन फिल्में कर रही हैं। इसमें 'हेरा फेरी 3', 'मर्डर 4' और 'देसी मैजिक' जैसी फिल्में शामिल हैं। तीनों ही फिल्मों में एक्ट्रेस के किरदार काफी अलग, चैलेंजिंग हैं। इन फिल्मों की शूटिंग में भी इन दिनों ईशा गुप्ता काफी व्यस्त हैं।

# नए एपिसोड में छा गए पंकज त्रिपाठी!

पंकज त्रिपाठी के फैंस के बीच इन दिनों क्रिमिनल जस्टिस की चर्चा खूब चल रही है। यह पॉपुलर वेब सीरीज ओटीटी पर चौथे सीजन के साथ वापसी कर चुकी है। जियो हॉटस्टार पर आज यानी गुरुवार को इसके छठे एपिसोड को रिलीज किया गया है, जो आते ही छा गया है। इस सीरीज का चौथा सीजन नर्स रोशनी सलूजा के कत्ल की कहानी पर आधारित है। इसके हर एपिसोड में हत्या से जुड़े अलग-अलग रहस्य से पर्दा उठ रहा है। क्रिमिनल जस्टिस सीरीज के पांच एपिसोड में दिखाया गया था कि अंजु नागपाल और डॉ राज नागपाल को रोशनी के हत्या मामले में आरोपी बनाया गया। अंजु ने अलग वकील के साथ कोर्ट में केस लड़ने का फैसला किया। वहीं, पुलिस की ओर से मामले को लड़ने की जिम्मेदारी अगस्त्या लेखा को मिलती है, जिसका किरदार श्वेता बसु प्रसाद ने निभाया है। पंकज त्रिपाठी एक बार फिर वकील माधव मिश्रा के किरदार में नजर आए हैं। रोहन सिप्पी की निर्देशित क्रिमिनल जस्टिस के चौथे सीजन को शुरुआत से अच्छे रिस्पॉन्स मिल रहे हैं। इसका छठा एपिसोड आज रिलीज हुआ है और सोशल मीडिया पर लोगों ने इसके बारे में चर्चा करनी भी शुरू कर दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों ने लिखा कि यह वह एपिसोड था, जिसका हम सभी को इंतजार था। कुछ यूजर्स का कहना है कि हम इस एपिसोड का इतना बेसब्री से इंतजार करते हैं कि जैसे हर गुरुवार को किसी सच के केस की सुनवाई होनी है। माधव मिश्रा के किरदार में हर कोई पंकज त्रिपाठी के काम की सराहना कर रहा है



# डायना पेंटी 'रॉकस्टार' से कर सकती थीं डेब्यू

बॉलीवुड एक्ट्रेस डायना पेंटी ने फिल्म 'कॉकटेल' से अपनी पहचान बनाई। हालांकि, इससे पहले उन्हें इम्तियाज अली की फिल्म 'रॉकस्टार' से डेब्यू करने से मौका मिला था, लेकिन बात नहीं बन पाई। हाल ही में हाउटरफ्लाई को दिए एक इंटरव्यू में डायना ने बताया कि जब वह न्यूयॉर्क में मॉडलिंग कर रही थीं, तब उनकी एजेंसी ने उन्हें बताया कि इम्तियाज अली अपनी अगली फिल्म 'रॉकस्टार' के लिए नया चेहरा ढूंढ़ रहे हैं। डायना ने आगे बताया कि उस समय उन्हें एक्टिंग का कोई अनुभव नहीं था। उन्होंने कभी कोई ट्रेनिंग नहीं ली थी। इस वजह से वह एक्टिंग को लेकर सीरियस नहीं थीं। फिर भी, उन्होंने भारत आकर इम्तियाज से मुलाकात की। डायना ने कहा कि इम्तियाज ने उन्हें सहज महसूस कराया। पहली मुलाकात में ही वह काफी कंफर्टेबल थीं। इसके बाद डायना को एक्टिंग वर्कशॉप्स जॉइन करने को कहा गया। कुछ हफ्तों की ट्रेनिंग के बाद डायना को इम्तियाज की तरफ से कॉल आया। डायना ने आगे बताया, 'उन्होंने मुझसे कहा- 'देखो, तुम काफी आगे बढ़ी हो और मुझे तुम्हारे अंदर काफी सुधार भी दिख रहा है, लेकिन मुझे अब भी नहीं लगता कि तुम 'रॉकस्टार' का जो किरदार है, उसके लिए तैयार हो क्योंकि वो एक बहुत ही खुले स्वभाव वाला रोल है।' डायना ने कहा कि मेरी जो पर्सनैलिटी है, वो शांत और थोड़ी शर्मीली है। इम्तियाज ने कहा था कि शायद आपके लिए ये अभी थोड़ा जल्दी हो जाएगा। डायना ने बताया, 'इम्तियाज ने कहा- 'मुझे लगता है कि तुम अभी पूरी तरह तैयार नहीं हो।' मैंने जवाब दिया, 'कोई बात नहीं।; हालांकि, डायना ने बताया कि उन्हें ज्यादा निराशा नहीं हुई। वह खुद भी तैयार नहीं थीं और उन्हें थोड़ा सुकून महसूस हुआ। इसके बाद वह वापस न्यूयॉर्क लौट गईं और दोबारा मॉडलिंग में बिजी हो गईं। बाद में 'रॉकस्टार' नरगिस फाखरी को मिली और फिल्म सुपरहिट रही। एक साल बाद डायना को एक और कॉल आया। इस बार प्रोडयूसर दिनेश विजान किसी नए चेहरे की तलाश में थे। फिल्म थी 'कॉकटेल', जिसे इम्तियाज अली ने ही लिखा था। इम्तियाज ने डायना को याद किया और उन्हें 'मीरा' के किरदार के लिए सुझाया।

**रोल के लिए उन्होंने वर्कशॉप्स भी कीं, जानें फिर क्यों नहीं मिली इम्तियाज अली की फिल्म**



# खौफ का दूसरा नाम हैं जसप्रीत बुमराह, उनकी गेंदबाजी के आगे थर्रा गए बेन डकेट

एजेंसी ● नई दिल्ली

इंग्लैंड के ओपनर बल्लेबाज बेन डकेट का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और लाइट चालू होने पर जब वह दोनों तरफ से गेंद को स्विंग कराते हैं तो उनका सामना करना बेहद मुश्किल होता है। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन 48 रन देकर तीन विकेट लिये जिसमें जो रूट का विकेट शामिल है। भारत के पहली पारी के 471 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 209 रन बना लिए थे। तीसरे नंबर पर उतरे ओली पोप नाबाद 100 रन बनाकर किला संभाले हुए थे।

बेन डकेट ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा, 'बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उनका सामना करना बेहद मुश्किल है, वह किसी भी परिस्थिति में अच्छे हैं और लाइट चालू होने पर दोनों तरफ स्विंग करते हुए आते हैं तो उन्हें खेलना मुश्किल होता है।' उन्होंने कहा, 'बिना किसी संकेत के तीन या चार अलग-अलग गेंदें फेंकने की उनकी क्षमता कमाल की है। आपको तब तक पता नहीं चलता कि वह बाउंसर, या धीमी गेंद, यॉर्कर, बाहर की ओर जाती स्विंगर या इनस्विंगर डाल रहे हैं, जब तक कि गेंद उनके हाथ से न निकल जाए। आपको उनके साथ गेंद को इतनी बारीकी से देखना पड़ता है कि उन्हें समझना बहुत मुश्किल हो जाता है।'

पोप की शतकीय पारी के बारे में उन्होंने कहा, 'ओली पोप मैदान पर आते समय बहुत शांत था। मुझे नहीं पता कि उसके दिमाग में क्या था, लेकिन वह अपने खेलने के तरीके पर कायम रहा।' डकेट ने कहा, 'इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है कि पहले ओवर में आने के बाद उस आक्रमण के खिलाफ शतक बनाना।

आप इसे उसके जश्न मनाने के तरीके में देख सकते हैं, और यह सिर्फ उसके लिए ही नहीं, बल्कि ड्रेसिंग रूम में भी बहुत मायने रखता था। मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे।'पिछले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में 171 रन बनाने के बावजूद पोप की टीम में जगह को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन दबाव में और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ शतक ने कम से कम कुछ समय के लिए आलोचकों को शांत कर दिया डकेट ने कहा ,ह्यह्य हम ड्रेसिंग रूम में चीजों को रखने में बहुत अच्छे हैं, लेकिन जाहिर है कि आप इसके बाहर से शोर सुन सकते हैं। ड्रेसिंग रूम के बाहर शोर है, लेकिन इसके अंदर कोई शोर नहीं है। हम इस बारे में चर्चा नहीं कर रहे हैं कि कौन खेलने जा रहा है।' उन्होंने कहा, ' यह बात बिल्कुल स्पष्ट लग रही थी कि अगर कोई खिलाड़ी कुछ सप्ताह पहले 171 रन बनाता है तो वह इस मैच में खेलेगा। पोप ने यह साबित करता है कि वह इंग्लैंड टीम में तीसरे नंबर पर क्यों उतरता है।

## श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश ने हासिल की बढ़त, नईम हसन ने झटके पांच विकेट

एजेंसी ● गॉल



बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन तीन विकेट पर 177 रन बनाकर दूसरी पारी में कुल 187 रन की बढ़त ले ली है। अभी उसके पास सात विकेट हैं और पिच के मिजाज को देखकर मेहमान टीम के पास टेस्ट जीत का मौका है। पहली पारी में 495 रन बनाने वाली बांग्लादेश की टीम ने ऑफ स्पिनर नईम हसन (5/121) की मदद से श्रीलंका को 485 रन पर आउट कर 10 रन की बढ़त ली। नईम ने टेस्ट क्रिकेट में चौथी बार पांच विकेट लिए हैं। दूसरी पारी में बांग्लादेश के लिए शादनम इस्लाम ने 76 रन बनाए जबकि कप्तान नजमुल हसन शांतो 56 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके साथ मुशफिकुर रहीम 22 रन पर अविजित हैं। शादनम और कप्तान नजमुल हसन ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की अहम साझेदारी की।

### भारत को पहली पारी 6 रनों की बढ़त मिली

# जसप्रीत बुमराह ने खोला पंजा, इंग्लैंड की पारी 465 रन पर सिमटी

एजेंसी ● हेडिंग्ले



हेडिंग्ले टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की टीम ने 100.4 ओवर में 465 रन बनाकर सिमट गई। इस तरह पहली पारी में टीम इंडिया को 6 रनों की बढ़त हासिल हुई है। दूसरे दिन स्टंप्स तक इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 209 रन था। भारत की तरफ से गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने अपना पंजा खोला। टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शतक के चलते भारत ने 471 रन पहली पारी में बनाए थे।

इंग्लैंड की पहली पारी में 465 रनों पर सिमटी

हेडिंग्ले टेस्ट के तीसरे दिन भारत के खिलाफ इंग्लैंड की पारी 100.4 ओवर में 465 रन पर सिमट गई। इस तरह टीम इंडिया को पहली पारी में 6 रन की बढ़त हासिल हुई। भारत की तरफ से गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने अपना पंजा खोला। इंग्लैंड के लिए बल्लेबाजी में ओली पोप ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली, जबकि हैरी ब्रूक ने 99 रनों की पारी खेली। इससे पहले बेन डकेट ने भी 65 रन बनाए। मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 471 रन का स्कोर खड़ा किया था।जसप्रीत बुमराह ने अपनी शानदार गेंदबाजी से क्रिस वोक्स को बोल्ड कर दिया। वोक्स इंग्लैंड के लिए 98.5 ओवर में 38 रन बनाकर आउट हुए। इस तरह अब शोएब बशीर के रूप में इंग्लैंड का आखिरी बल्लेबाज मैदान पर उतर चुका है।हेडिंग्ले टेस्ट मैच के तीसरे दिन टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आखिरकार पहली सफलता मिल गई। मोहम्मद सिराज ने 95.5 ओवर में ब्रायडन कार्स को बोल्ड किया। इस तरह इंग्लैंड की टीम को 8वां झटका लगा। ब्रायडन कार्स 22 रन बनाकर आउट हुए।इंग्लैंड के क्रिस वोक्स ने टेस्ट में अपने 2000 रन पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही ब्रायडन कार्स के साथ मिलकर वह भारतीय गेंदबाजों की खबर ले रहे हैं। 93 ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 447 रन है। क्रिस वोक्स 38 गेंद पर 36 रन बना चुके हैं। 16 गेंद पर कर्स ने 18 रन बनाए हैं। 33 गेंद पर दोनों के बीच 49 रनों की साझेदारी हो चुकी है।

भारतीय टीम ने इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ को आउट कर दिया है। प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर छक्का जड़ने की कोशिश में वह बाउंड्री लाइन पर पकड़े गए। डेब्यू टेस्ट खेल रहे साई सुदर्शन ने उनका कैच लिया। रविंद्र जडेजा ने पहले गेंद को लपका था लेकिन वह बाउंड्री के बाहर जाने लगे। ऐसे में साई सुदर्शन की तरफ गेंद को फेंक दिया। स्मिथ ने 40 रन बनाए। इंग्लैंड का स्कोर 349 रन पर 6 विकेट है।लीड्स टेस्ट के तीसरे दिन दूसरे सेशन का खेल शुरू हो गया है। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ को जोड़ी क्रीज पर है। दोनों ही आसानी से रन बना रहे हैं। इनके बीच अर्धशतकीय साझेदारी हो चुकी है। भारत को जल्द से जल्द इस साझेदारी को तोड़ना पड़ेगा। 78वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 5 विकेट पर 331 रन है।

### हैरी ब्रूक 99 रन बनाकर आउट

इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक शतक नहीं बना पाए। वह 99 रन बनाकर आउट हुए। सिर्फ एक रन से ब्रूक शतक लगाने से चूक गए। जीरो के स्कोर पर वह आउट थे लेकिन बुमराह की गेंद को अंपायर ने नो बॉल दे दिया। इसके बाद ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल ने भी उन्हें जीवनदान दिया। लेकिन 99 के स्कोर पर ब्रूक को किस्मत का साथ नहीं मिल पाया। प्रसिद्ध कृष्णा ने उनका विकेट लिया। 88 ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 403 रन है।

## लीड्स टेस्ट के बीच इंग्लैंड के लिए आई गुड न्यूज, गिल एंड कंपनी की बढ़ सकती है परेशानी

एजेंसी ● लंदन



चोटों से प्रभावित तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं। वह डरहम में ससेक्स के लिये काउंटी चैम्पियनशिप मैच खेलने जा रहे हैं। भारत के खिलाफ एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में आर्चर और मार्क वुड के बिना इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिखाई दिया। लीड्स टेस्ट की पहली पारी में भारत के तीन बल्लेबाजों ने शतक ठोक दिया।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि वह इस काउंटी मैच के लिये ससेक्स टीम में होंगे। स्काई स्पोटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ह्यजोफ्रा आर्चर ससेक्स के लिए लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करेंगे हालांकि उनका नाम काउंटी चैम्पियनशिप के इस मैच की टीम में नहीं था। अगर वह मैच खेल पाते हैं तो भारत के खिलाफ एडबस्टन में दूसरे टेस्ट की टीम में हो सकते हैं।ह्र30 साल के आर्चर ने अभी तक अपने करियर में 13 टेस्ट खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 42 बल्लेबाजों को आउट किया। 2021 में भारत के खिलाफ नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर उन्होंने अपना अंतिम टेस्ट खेला था। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलने वाले आर्चर चोटों के कारण चार साल से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेले हैं। आर्चर ने 2021 से इंग्लैंड के लिये सिर्फ सफेद गेंद के प्रारूप में खेला है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था, ह्यकई बार वह मुझे मैसेज भेजता है। मैंने उसे यही सलाह दी कि हड़बड़ी नहीं करे। वह चोटों से काफी परेशान रहा है। उसकी वापसी इंग्लैंड के लिये रोमांचक होगी। उम्मीद है कि वह टेस्ट क्रिकेट में चयन के लिये उपलब्ध होगा।

## बाप के बाद बच्चे भी मचाएंगे बवाल, 15 साल की ही उम्र में जुड़वा बच्चे सीख रहे डब्ल्यूडब्ल्यूई के दांव-पेच



**नई दिल्ली:** डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर बुकर टी, जो भविष्य के सितारों को प्रशिक्षित करने के लिए जाने जाते हैं, अब अपने 15 साल के जुड़वां बच्चों को भी तैयार कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि उनके बच्चे उनका पारिवारिक व्यवसाय, रियलिटी ऑफ रेसलिंग को संभालें। 60 साल के बुकर टी, जो एक रिटायर हो चुके रेसलर हैं और वर्तमान ठळ कमेंटेटर हैं, अ&ए के रियलिटी शो में एक मेंटर भी हैं। बुकर टी अपने बच्चों को बिजनेस के पहलू को सिखा रहे हैं, क्योंकि यह रेसलिंग से ज्यादा स्थिर और कम शारीरिक रूप से थकाने वाला है। हालांकि, वे उन्हें पर्दे के पीछे काम करने के लिए तैयार कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने उनके लिए सभी रास्ते खुले रखे हैं।

बुकर टी अगली पीढ़ी के रेसलर्स को प्रशिक्षित करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, चाहे वह रियलिटी ऑफ रेसलिंग हो या डब्ल्यूडब्ल्यूई हो। अब उन्होंने बताया है कि वे अपने बच्चों को अपना रेसलिंग साम्राज्य संभालने के लिए तैयार कर रहे हैं। बुकर टी ने हाल ही में मेट्रो को दिए एक इंटरव्यू में यह बात कही। उन्होंने मेट्रो को बताया, 'कभी भी 'नहीं' नहीं कहना चाहिए। मेरे बेटे को प्रोफेशनल रेसलिंग बहुत पसंद है। मेरी बेटी बहुत ही एथलेटिक है। मुझे नहीं पता था कि मैं क्या करने वाला हूं जब तक कि मैं इसमें शामिल नहीं हो गया।'बुकर टी की पत्नी शर्मेल, जो खुद भी हहए हॉल ऑफ फेमर हैं। उन्होंने कहा कि बुकर टी को खुशी होगी अगर उनके बच्चे पर्दे के पीछे काम करें और रियलिटी ऑफ रेसलिंग को संभालें। बुकर टी को डब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे होनहार ट्रेनर में से एक माना जाता है। उन्होंने हहए के कई बड़े सितारों जैसे रॉक्सैन पेरेज को प्रशिक्षित किया है। ऐसी अटकलें हैं कि वे अमेरिकी पॉप सेंसेशन ट्रैविस स्कॉट को भी प्रशिक्षित कर रहे हैं, जो हहए इवेंट्स में कई बार आ चुके हैं। बुकर टी अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बताते हैं कि जब वे पहली बार रेसलिंग रिंग में उतरे थे, तो उन्हें ऐसा लगा था जैसे वे इसे हमेशा से करते आ रहे हैं। 35 साल तक रेसलिंग करने के बाद उनके दिमाग में बहुत सारा ज्ञान है जिसे वे आसानी से याद कर सकते हैं और इस्तेमाल कर सकते हैं।



सिनसिनाटी में मामेलोडी सनडाउंस और बोरूसिया डॉर्टमुंड के बीच क्लब विश्व कप ग्रुप एफ फुटबॉल मैच के दौरान पहला गोल करने के बाद मामेलोडी सनडाउंस जश्न मनाते हुए।

## पहले की गलती, फिर 8 साल बाद मांगी माफी, निक्की बेला आज भी कर रहीं अफसोस



**नई दिल्ली:** डब्ल्यूडब्ल्यूई की मशहूर रेसलर निक्की बेला ने महिला रेसलिंग को आगे बढ़ाने के लिए बहुत काम किया है। आज उनका नाम हहए में काफी बड़ा हो गया है, लेकिन क्या आप जातने हैं कि निक्की बेला ने अपनी एक गलती के कारण कुछ साल पहले माफी मांगी थी। आप जानकर यह हैरान हो जाएंगे कि निक्की ने यह गलती साल 2013 में की थी और उसके आठ साल बाद यानी कि उन्होंने साल 2021 में माफी मांगी।निक्की ने दिवंगत रेसलर चाइना को लेकर 2013 में फैशन पुलिस शो में की गई अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगी थी। निक्की और उनकी बहन ब्री ने चाइना के लुक्स पर भद्दी टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी के वायरल होने के बाद निक्की ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और कहा कि उन्हें अपनी उस हरकत पर शर्मिंदगी है। चाइना के परिवार और फैंस ने निक्की की माफी को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने लोगों से निक्की पर हमला न करने की अपील की है।दरअसल, 28 जून 2021 को निक्की बेला ने एक माफीनामा जारी किया था। यह माफीनामा उन्होंने ए! के फैशन पुलिस शो में चाइना के बारे में की गई पुरानी टिप्पणियों के लिए जारी किया था। 2013 में फैशन पुलिस के एक एपिसोड में निक्की और उनकी बहन ब्री ने चाइना के मदार्ना लुक्स का मजाक उड़ाया था। निक्की ने चाइना की तस्वीर दिखाते हुए कहा था, 'हमें नहीं पता कि ये आदमी है या औरत।'यह वीडियो 26 जून 2021 को ट्विटर पर फिर से सामने आया। इसके बाद निक्की ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पर पोस्ट करके सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। निक्की ने कहा कि उन्हें अपनी असंवेदनशील टिप्पणी के लिए दिल से खेद है। निक्की ने लिखा था कि 'मुझे अपने 29 साल के उस रूप पर शर्म आती है, जिसने चाइना को ठेस पहुंचाई और बदले में उनके परिवार और दूसरों को दुख पहुंचाया।

## हेडिंग्ले टेस्ट के बीच पसरा मातम, पूर्व क्रिकेटर का हुआ निधन, खिलाड़ियों ने पहना ब्लैड आर्म बैंड

एजेंसी ● लीड्स



इंग्लैंड और ग्लूस्टरशायर के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड 'सिड' लॉरेंस का शनिवार को 61 साल की उम्र में निधन हो गया। डेविड इंग्लैंड के लिए खेलने वाले ब्रिटेन में जन्मे अश्वेत खिलाड़ी थे। उन्होंने 1988 से 1992 के बीच पांच टेस्ट और एक डउक्र में 22 विकेट लिए। 2024 में उन्हें मोटर न्यूरॉन रोग का पता चला था। यह एक गंभीर बीमारी है जो मांसपेशियों को प्रभावित करती है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने डेविड को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि, वह एक अग्रणी तेज गेंदबाज थे जिनके करियर और चरित्र ने इंग्लिश क्रिकेट पर एक अमिट छाप छोड़ी। लॉरेंस इंग्लैंड के लिए खेलने वाले पहले अश्वेत खिलाड़ी थे'डेविड लॉरेंस के निधन पर ईसीबी के अलावा बीसीसीआई ने भी शोक प्रकट करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में दोनों टीमों के खिलाड़ी एक लाइन में ब्लैक आर्म बैंड पहने पूर्व क्रिकेटर को श्रद्धांजलि देते हुए दिखे। हेडिंग्ले टेस्ट मैच के पहले दिन भी भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए ब्लैक आर्म बैंड पहना था। लॉरेंस ने इंग्लैंड के लिए पांच टेस्ट मैचों में मैदान पर उतरे थे। वह एक वनडे मैच भी खेले थे, लेकिन 1992 में न्यूजीलैंड में खेलते हुए उनके घुटने में चोट लग गई थी। इस वजह से उनका करियर जल्दी खत्म हो गया।ईसीबी के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा, 'उनका खेल पर बहुत बड़ा प्रभाव था। उन्होंने तेज गेंदबाजी से दर्शकों को रोमांचित किया। उन्होंने बदलाव के लिए आवाज उठाई और खेल में सबको शामिल करने की बात की। अपनी बीमारी के बावजूद डेविड ने हिम्मत दिखाई। उन्होंने दूसरों को प्रेरित किया। वे एक ऐसी विरासत छोड़ गए हैं जो हमेशा याद रखी जाएगी।'बता दें कि लॉरेंस ने भले ही कम अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, लेकिन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में खूब नाम कमाया। उन्हें अपने समय के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक माना जाता था। उन्होंने 185 फर्स्ट-क्लास मैचों में 515 विकेट लिए। इसके अलावा उनके नाम 115 लिस्ट ए मैचों में 155 विकेट शामिल हैं।



गाजा। मध्य गाजा में शरणार्थियों के लिए बुरेज शिविर पर इजरायली हमले के बाद मलबा उड़ता देख फिलिस्तीनी लोग छिपने के लिए भागते हैं। रविवार को गाजा में खाद्य वितरण केंद्रों के पास गोलीबारी में कम से कम आठ फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। निवासियों ने बताया कि ईरान के साथ नए संघर्ष के साथ-साथ इजरायली हमलों में भी वृद्धि हुई है।

## शॉट न्यूज

### नरभक्षी हो गए रूस के सैनिक, यूक्रेन का बड़ा दावा

**कीव**। यूक्रेन ने दावा किया कि युद्ध के लिए रूस ने सैकड़ों अपराधियों, हत्यारों और डकैतों, नरभक्षियों को सेना में भर्ती कर लिया है। यूक्रेन का कहना है कि डेनिस गोरेन नाम के शख्स ने चार लोगों की हत्या कर दी थी और फिर एक का मांस खा लिया था। 2012 में उसे गिरफ्तार किया या था। उसे 22 साल कैद की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा निकोले ओकोलोबियाक नाम के सख्स ने भी दो महिलाओं की हत्या कर दी थी। इसके बाद उनके अंगों को पकाकर खा गया था। ऐसे लोगों को जेलों से रिहा करके सेना में भर्ती कर दिया गया है और यूक्रेन के खिलाफ मोर्चे पर भेज दिया गया है।

### खामेनेई को मौत का डर चुन लिए 3 उत्तराधिकारी

**तेहरान**। ईरान इस समय इजरायल के साथ युद्ध के मोर्चे पर डटा हुआ है. युद्ध के बीच तेहरान से एक बेहद चौंकाने वाली खबर आई है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई अब बंकर में छिपकर युद्ध की रणनीति बना रहे हैं। खबर है कि उन्होंने न सिर्फ सैन्य कमांडरों की संभावित मृत्यु के लिए बैकअप तैयार किया है। बल्कि खुद के उत्तराधिकारी के तौर पर तीन वरिष्ठ धर्मगुरुओं के नाम भी गुप्त रूप से तय कर लिए हैं। लेकिन इनमें उनके बेटे का नाम शामिल नहीं है। अधिकारियों के अनुसार इस कदम का मतलब है कि खामेनेई अब मानते हैं कि इस युद्ध में वे खुद भी मारे जा सकते हैं।

### नीतीश सरकार ने चुनाव से पहले बढ़ाई पेंशन की राशि

**पटना**। बिहार की नीतीश सरकार ने चुनाव से पहले विधवा, वृद्ध और दिव्यांगों को बड़ी सौगात दी है। दरअसल, सरकार ने पेंशन की राशि बढ़ा दी है। अब हर महीने 400 रुपए की बजाए 1100 रुपए पेंशन मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा।

बढ़ती चुनौतियां : ईरान युद्ध के बीच इजरायल के लिए झटका

# चीन-रूस ने यूनाइटेड फ्रंट बनाने का दिया प्रस्ताव

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

ईरान की हिफाजत के लिए रूस और चीन ने यूनाइटेड फ्रंट बनाने की घोषणा की है। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि डोनाल्ड ट्रंप को सख्त संदेश भेजा गया है। इजरायलकी जिस लड़ाई में

**झटका**

अमेरिका एंट्री करने की कोशिश कर रहा है, उसे कम करने के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राष्ट्रपति से आह्वान किया है। जिनपिंग और पुतिन के बीच हुई टेलीफोन पर बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने इजरायल की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया है। दोनों नेताओं ने



उस वक्त टेलीफोन पर बात की है जब डोनाल्ड ट्रंप सड़कछाप और सुपारी किलर की तरह वर्ताव करते हुए ईरानी राष्ट्रपति की हत्या करने की धमकी दे चुके हैं। ईरान के साथ आए चीन और रूस

**यूक्रेन की तरह फंसेगा युद्ध**

चीन के कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट को एक अनिश्चितकालीन युद्ध में फंसा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के करीबी अधिकारियों ने बार-बार वाशिंगटन को इंडो-पैसिफिक में चीन की महत्वाकांक्षाओं का मुकाबला करने के लिए अपने ध्यान और संसाधनों को फिर से लगाने की जरुरतों पर ध्यान दिया है। फिर भी पांच महीने बाद यूक्रेन और गाजा में युद्ध जारी है और अब अमेरिका इजरायल के युद्ध में उतरने की योजना बना रहा है। दूसरी तरफ चीन नहीं चाहता है कि ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत हो। सुप्रीम लीडर खामेनेई के नेतृत्व में ईरान, मध्य पूर्व में एक दुर्जेय शक्ति और अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देने वाले देश के तौर पर सामने आया है। ये ठीक वैसा ही है जैसे चीन अब अमेरिकी शक्ति को चुनौती दे रहा है।

- जिनपिंग और पुतिन के बीच टेलीफोन पर उस वक्त बात हुई है जब कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि चीन के कई एयरक्राफ्ट ईरान में उतरे हैं। आशंका जताई गई है कि चीन ने ईरान में हथियार भेजे हैं। चीन लंबे वक्त से अमेरिका को मिडिल ईस्ट में अस्थिरता के लिए जिम्मेदार मानता आया है। चीन के कई पॉलिटिकल एक्सपर्ट्स का मौजूदा युद्ध को लेकर भी अमेरिका पर आरोप लगा रहे हैं। शंघाई इंटरनेशनल स्टडीज यूनिवर्सिटी के मिडिल ईस्ट एक्सपर्ट लियू झोंगमिन ने मौजूदा हालातों के लिए डोनाल्ड ट्रंप की विदेश नीति को जिम्मेदार ठहराया है।

## ईरान से लौटे कश्मीरी छात्रों की बस 5 बार हुई खराब

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

ईरान और इजरायल के बीच ईरान में फंसे भारतीय छात्रों को वापस लाने के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। इस ऑपरेशन के पहले चरण में ईरान के पश्चिमी अजरबैजान प्रांत में स्थित उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्रों को एयरलिफ्ट करके सुरक्षित नई दिल्ली पहुंचाया



गया। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं, जिन्हें जम्मू-कश्मीर सरकार ने नई दिल्ली से सड़क मार्ग से श्रीनगर तक पहुंचाने की व्यवस्था की। हालांकि जिस बस (HR55AF 1751) से छात्रों को श्रीनगर ले जाया गया, वह जम्मू-कश्मीर सरकार के लिए शर्मिंदगी का कारण बन गई। छात्रों के लिए जिस बस की व्यवस्था की गई थी, वह रास्ते में 5 बार खराब हुई। इस कारण दिल्ली से श्रीनगर की यात्रा कर रहे छात्रों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। एक बार तो बस को मरम्मत के लिए पठानकोट हाईवे पर दो घंटे तक खड़ा रखा गया। बस में 14 छात्राएं भी सवार थीं। बस में सवार छात्र पहले ही ईरान में सड़क मार्ग से 2,000 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करके आर्मेनिया पहुंचे और फिर कतर के रास्ते उन्होंने दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी।

## ईरान से लौटी महिला का पति बोला वहां शहीद होना बेहतर होता

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

अभी इजराइल और ईरान के बीच चल रही लड़ाई में भारत सरकार अपने देश के नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' चला रही है। ईरान से भारत लौट रहे लोग जहां सरकार और एंबेसी का शुक्रिया अदा कर रहे हैं, वहीं कुछ भारतीय ऐसे भी हैं जिनका सोचना है कि ईरान की जमीन पर शहीद हो जाना बेहतर था। ऐसा कहना है दिल्ली की रहने वाली निदा के पति का जो अपनी पत्नी



को रिसीव करने दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। लगातार ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत के लोगों को सुरक्षित वापस लाने का प्रयास भारत सरकार की तरफ से किया जा रहा है। आज तीसरा जत्था भारतीयों को लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड किया, जिसमें 56 भारतीय सवार थे। निदा के पति ने कहा कि इंसान शहीद होके अमर रहेगा। शहादत से अच्छी मौत नहीं है। यहां आने से बेहतर वहां की मौत थी। जो वहां मरता, अमर हो जाता। वहां भी सुकून था। बस कनेक्टिविटी नहीं थी। हमारे सुप्रीम लीडर ने कहा कि इंसान शहीद हो इससे अच्छा क्या होगा। ईरान की जमीन पाक है, अभी वहां शहीद होने का वक्त है। जब वक्त पड़ेगा तब भारत के लिए भी शहीद होंगे। दिल्ली की रहने वाली निदा ने जानकारी दी कि वह 3 जून को ईरान गई थीं। वहां उन्होंने सरकार से मदद मांगी।

'ऑपरेशन नार्निया': मोसाद का ईरानी परमाणु वैज्ञानिकों के खात्मे का प्लान

# हिट लिस्ट बनाई, कमांड दिया और होने लगा खेल खत्म

**तेलअवीव ● एजेंसी**

इजरायल ने 13 जून को ऑपरेशन राईजिंग लॉयन के तहत एक साथ ईरान

**प्लान**

के परमाणु प्रोजेक्ट, बैलेस्टिक मिसाइल लॉन्चर, एयर डिफेंस सिस्टम और न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स को निशाना बनाया था। ऑपरेशन के पहले दिन ही ईरान को ऐसा झटका लगा, जिससे उबर पाना मुश्किल है। इस ऑपरेशन को लंबे समय से चल रहे प्लान के तहत अंजाम दिया गया। राइजिंग लॉयन की तैयारी के लिए भी मोसाद ने ईरान के अंदर एक खुफिया ऑपरेशन चलाया था, जिसका नाम था- ऑपरेशन नार्निया। ऑपरेशन राइजिंग लॉयन ईरान के खिलाफ युद्ध की एक शक्तिशाली शुरुआत थी। इस ऑपरेशन में ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स के कई वरिष्ठ लोगों और ईरान के परमाणु कार्यक्रम में शामिल प्रमुख व्यक्तियों को सफलतापूर्वक मार गिराया गया था। आईडीएफ ने नींद में ही



सभी वैज्ञानिकों को मौत के घाट उतार दिया।

**काफी पहले शुरू हुई थी तैयारी-** एक वरिष्ठ आईडीएफ अधिकारी ने ऑपरेशन की योजना के बारे में बताया कि खुफिया एजेंसी और वायु सेना के 120 व्यक्तियों को ऑपरेशन की प्लानिंग बनाने के लिए यूनिट 8200 में एक फैसिलिटी में लाया गया था। जनवरी तक, दबाव बढ़ रहा था क्योंकि कोई समाधान नहीं मिल पाया था। आम सहमति स्पष्ट थी - हमें वायु रक्षा प्रणालियों को टारगेट करने वाले समाधान विकसित करने की आवश्यकता थी। अधिकारी ने कहा कि पिछले साल हमने एक टारगेट बैंक का निर्माण शुरू किया था और सफलता तब मिली, जब हमने ईरान में एक खुफिया बेस और एक वायु सेना बेस मिला। हालांकि, टारगेट बैंक में अभी भी पर्याप्त टारगेट नहीं थे। प्रत्येक टीम का अपना मिशन था। परमाणु वैज्ञानिकों को मारना, कमांड सेंटर और रडार सिस्टम को खत्म करना। इसके बाद ही ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू हुआ।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।

**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)